



# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर - हिंदी दैनिक समाचार पत्र


पूर्व प्रधान पर जानलेवा हमले के विरोध में सुभासपा ने एसपी को सौंपा पेज: 3

रिश्ते पर्सनल होते हैं, पलिक एंटरटेनमेंट नहीं पेज: 8



वर्ष : 02 | अंक : 232 | गुरुवार 26 नवंबर 2026 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 2 रुपए


## असम में डीआईजी और एसएसपी में जमकर हुई मारपीट

● सीएम ने पल्ला झाड़ा कहा- ये आपस का मामला है

कोकराझार, एजेंसी। असम के कोकराझार जिले में देर रात आयोजित एक पार्टी के दौरान दो वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के बीच विवाद मारपीट तक पहुंच गया। बताया जा रहा है कि इस घटना में कोकराझार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अक्षत गर्ग घायल हो गए हैं। इस मामले पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रतिक्रिया देते हुए इसे निजी विवाद बताया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह घटना पिछले वीकेंड की है। कोकराझार के सराईखोला स्थित सातवीं असम पुलिस बटालियन परिसर में अक्षत गर्ग ने एक पार्टी का आयोजन किया था। इसी दौरान अक्षत गर्ग और वेस्टर्न रेंज के डीआईजी वाईटी ग्यात्सो के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों अधिकारियों के बीच हाथापाई हो गई, जिसमें एसएसपी अक्षत गर्ग को कई चोटें आईं। हालांकि, असम पुलिस मुख्यालय ने अभी तक इस कथित घटना की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और न ही इस संबंध में कोई बयान जारी किया है। घटना किन परिस्थितियों में हुई और पार्टी में मौजूद अन्य लोगों की क्या भूमिका थी, इसे लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें घटना की जानकारी है, लेकिन यह एक निजी पार्टी में हुआ विवाद था और उस समय दोनों अधिकारी ड्यूटी पर नहीं थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर यह घटना ड्यूटी के दौरान हुई होती तो सरकार हस्तक्षेप करती और जरूरी कदम उठाती, लेकिन निजी मामले में सरकार कुछ नहीं कह सकती।

## दलाई लामा को लुटियंस दिल्ली में सरकारी बंगला

● विदेश मंत्रालय के अनुरोध पर किया आवंटन, तिब्बती नेतृत्व ने फैसले का किया स्वागत

नई दिल्ली, एजेंसी। तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा को राजधानी दिल्ली के लुटियंस क्षेत्र में सरकारी आवास आवंटित किया गया है। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने विदेश मंत्रालय के अनुरोध पर दलाई लामा के कार्यालय 'गादेन फोडरंग ट्रस्ट' को पंडित रविशंकर शुक्ला लेन स्थित टाइप-7 सरकारी बंगला आवंटित किया है। हालांकि, इस संबंध में मंत्रालय की ओर से अभी आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की गई है। सूत्रों के मुताबिक, सरकारी आवास का आवंटन आम तौर पर तीन वर्ष के लिए किया जाता है और निर्धारित प्रक्रिया के तहत इसकी अवधि बढ़ाने का प्रावधान भी होता है। इस आवास से दलाई लामा के दिल्ली दौरों के दौरान उनके ठहरने के लिए एक स्थायी व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। निर्वासित तिब्बती संसद के सदस्यों ने केंद्र सरकार के इस फैसले का स्वागत किया है। संसद की स्पीकर डोलमा त्सेरिंग ने इसे अच्छी खबर बताते हुए कहा कि इससे दलाई लामा के लिए राष्ट्रीय राजधानी में आना और यहां ठहरना अधिक सुविधाजनक होगा। निर्वासित तिब्बती संसद की स्थायी समिति के सदस्य चोदक ग्यात्सो ने भी फैसले को सम्मान की बात बताया। उन्होंने कहा कि तिब्बतियों के पास अपना देश नहीं होने के दौर में भारत ने उन्हें शरण दी और धर्मशाला में बसने, स्कूल तथा अन्य संस्थान स्थापित करने में सहयोग किया। उनके मुताबिक, इन संस्थानों ने तिब्बती संस्कृति और पहचान को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।




## मणिपुर में केसीपी से जुड़े पांच उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार और गोला-बारूद बरामद

इंफाल, एजेंसी। मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में सुरक्षा बलों ने पिछले दो दिनों में अलग-अलग अभियानों के दौरान प्रतिबंधित संगठन केसीपी (पीडब्ल्यूजी) से जुड़े पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, पुलिस कमांडो और असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने सोमवार को पटसोई थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की।

# योगी सरकार में देव दीपावली पर परंपरा और तकनीक का दिखा संगम, रोशनी से निखरी मंदिरों और घाटों की सुंदरता

**काशी :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देव दीपावली पर काशी ने अपनी सदियों पुरानी आध्यात्मिक परंपरा और आधुनिक तकनीक के मेल से दुनिया को संस्कृति और नवाचार का संदेश दिया। गंगा के घाटों पर दीपों की अविरल श्रृंखला ने काशी को रोशनी का कंठहार पहना दिया, वहीं आसमान में ड्रोन शो, ऐतिहासिक इमारतों पर 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग और गंगा पार ग्रीन आतिशबाजी ने आयोजन की भव्यता को नया आयाम दिया। पहली बार आयोजित ड्रोन शो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीरें भी प्रदर्शित की गईं। एक ओर गंगा तट पर लाखों दीप सनातन परंपरा और आस्था का संदेश दे रहे थे, तो दूसरी ओर आधुनिक तकनीक के जरिए काशी की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को नए रूप में प्रस्तुत किया गया। दीपों की रोशनी, संगीत और तकनीक के इस संगम ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए देव दीपावली को यादगार बना दिया। 2100 मेक इन इंडिया ड्रोन से आसमान में उभरी काशी की विरासत देव दीपावली पर गंगा पार का रेतीला क्षेत्र पहली बार 2100 मेक इन इंडिया ड्रोन से आयोजित भव्य प्रदर्शन का साक्षी बना। करीब 10 मिनट चले इस शो में थ्री-डी एनिमेशन तकनीक के माध्यम से ड्रोन ने आसमान में 15 अलग-अलग आकृतियां बनाईं। रोशनी के बिंदुओं को आपस में जोड़कर विभिन्न आकृतियां और संरचनाएं तैयार की गईं। हिंदी में वॉयस ओवर के जरिए दर्शकों को इन दृश्यों का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी बताया गया। आसमान में भगवान शिव, महेश्वर सूत्र, संगीतमय शिव तांडव और मां गंगा के अवतरण के दृश्य साकार हुए। इसके साथ ही श्री काशी विश्वनाथ मंदिर, मां विशालाक्षी और काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव की आकृतियां भी उभरीं। संगीत और रोशनी के तालमेल ने काशी की आध्यात्मिक विरासत को आधुनिक तकनीक के जरिए जीवंत कर दिया। 25 मिनट के काशी-कथा शो में दिखी सनातन संस्कृति की गौरवगाथा चेत सिंह किला घाट पर करीब 25 मिनट का 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग और लेजर शो आयोजित किया गया। काशी-कथा नाम की इस प्रस्तुति में ऑडियो-वीडियो माध्यम से काशी की धार्मिक यात्रा, सनातन परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया गया। गंगा तट पर स्थित ऐतिहासिक इमारतों पर 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग के जरिए इन प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसे देखकर श्रद्धालु और पर्यटक अभिभूत हुए।शंखनाद और डमरू की गूंज के साथ शुरू हुई प्रस्तुति में एनामॉर्फिक एलईडी दृश्य, संगीत और कथावाचन का भी समावेश रहा। इसके बाद भगवान गणेश की कथा, शिव-पार्वती विवाह, देव दीपावली की पौराणिक मान्यता और मां गंगा की महिमा को आकर्षक दृश्यों के माध्यम से दिखाया गया। भगवान श्रीहरि विष्णु के चक्र और पुष्करिणी कुंड से जुड़े प्रसंगों के साथ गंगा की स्वच्छता का संदेश भी दिया गया। शो के अंतिम चरण में करीब आठ मिनट के लेजर प्रदर्शन ने ऐतिहासिक इमारतों और गंगा तट को रोशनी के अद्भुत संसार में बदल दिया।



■ *ललिता घाट के सामने गंगा पार रेतीले क्षेत्र में शिव भजनों की धुन पर ग्रीन आतिशबाजी का प्रदर्शन किया गया। आयोजकों के अनुसार, इसमें भारत में पहली बार आठ इंच ..*

# बीजेपी-अकाली दल गठबंधन को सचिन पायलट ने बताया, हताशा का गठबंधन

**-कहा- दोनों दलों के अलग होने के कारण आज तक स्पष्ट नहीं, जनता तय करेगी बेहतर विकल्प**

**चंडीगढ़ , एजेंसी।** पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल के फिर साथ आने पर कांग्रेस ने निशाना साधा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पंजाब मामलों के प्रभारी सचिन पायलट ने दोनों दलों के गठबंधन को 'हताशा का गठबंधन' बताया। उन्होंने दावा किया कि पंजाब में दोनों दलों के लिए राजनीतिक जगह नहीं बची है।

भाजपा और अकाली दल ने मंगलवार को गठबंधन की घोषणा की थी। छह साल बाद शिअद की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में वापसी हुई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया कि गठबंधन में मुख्यमंत्री पद शिरोमणि अकाली दल के पास रहेगा और वह 'बड़े भाई' की भूमिका में होगा।

पायलट ने कहा कि यह समझौता और हताशा का गठबंधन है, क्योंकि दोनों दलों ने यह स्पष्ट नहीं किया कि छह साल पहले वे किन कारणों से अलग हुए थे। उन्होंने सवाल किया कि वे कौन से कारण थे, जिनकी वजह से भाजपा और शिअद ने अपना पुराना गठबंधन तोड़ा था।

उन्होंने भाजपा से सवाल करते हुए कहा कि क्या केंद्र सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य की कोई गारंटी दी है और क्या तीन कृषि कानूनों को लेकर माफी मांगी गई है। उन्होंने किसान आंदोलन के दौरान दिल्ली की सीमाओं पर जान गंवाने वाले किसानों के प्रति अकाली दल के रुख पर भी सवाल उठाया।

पायलट ने कहा कि दोनों दलों का फिर साथ आना उनकी अपनी पसंद है और जनता ही तय करेगी कि उसके लिए बेहतर विकल्प कौन है। गौरतलब है कि शिअद ने सितंबर 2020 में तीन कृषि कानूनों को लेकर भाजपा के साथ अपना 24 साल पुराना गठबंधन तोड़ दिया था। बाद में केंद्र सरकार ने तीनों कृषि कानून वापस ले लिए थे।



## सेना पर हमले की थी साजिश में आतंकी वांटेड उजैद गिरफ्तार

● बम वाली जैकेट पहनकर आर्मी का चेकपोस्ट उड़ाने का था प्लान

मेरठ, एजेंसी। यहां एक बड़ी कार्रवाई के तहत जम्मू-कश्मीर से वांटेड संदिग्ध आतंकी उजैद को स्वॉट टीम ने गिरफ्तार किया है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि पाकिस्तानी हैंडलर के इशारे पर उजैद और उसके साथी किशोरों को आत्मघाती आतंकी (फिदायीन) बनाने का मॉड्यूल चला रहे थे। इनका मकसद जम्मू-कश्मीर में आर्मी कैंपों और आर्मी काफिले पर उरी और पुलवामा जैसे बड़े हमले करना था। एसएसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बनियापाड़ा, कोतवाली मेरठ निवासी उजैद की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि वह फिदायीन हमलों में इस्तेमाल होने वाली एक्सप्लोसिव जैकेट लेने के लिए गुरैज वैली के रास्ते पाकिस्तान में ट्रेनिंग के लिए जाने वाला था। उजैद उसी आतंकी मॉड्यूल का हिस्सा था जिसका खुलासा पिछले साल नवंबर में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने किया था। उस दौरान साजिद नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था, जबकि उजैद पिछले 10 माह से फरार चल रहा था। उजैद और साजिद सहित कुछ युवक सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी हैंडलर और आईएसआई एजेंट के संपर्क में आए थे। इन्हें किशोरों को आत्मघाती हमलों के लिए तैयार करने और आतंकी मॉड्यूल में शामिल करने का टास्क दिया गया था। पकड़ा गया उजैद पाकिस्तानी आतंकी मौलाना मसूद अजहर, तारिक मसूद और डॉ इशरार का प्रशंसक था और उनके वीडियो देखता था। इन्हीं वीडियो पर कमेंट करने के दौरान वह पाकिस्तानी हैंडलर की नजर में आया। इंस्टाग्राम, सेशन ऐप और सिग्नल ऐप पर 'ट्यूशन-40' और 'ब्रिगेड' नाम से ग्रुप बनाकर उजैद और अन्य को जोड़ा गया था। इन ग्रुपों में पीओके से आतंकी अमीर हमजा, पाकिस्तान के पंजाब से अबू मुसाब और पीओके से फुरकान व कामरान जैसे कई आईएसआई एजेंट जुड़े थे। इन ऐप्स पर बने ग्रुपों में ही हमलों की योजना बनाई गई थी। सेशन ऐप पर बने 'ब्रिगेड' ग्रुप में साजिद ने लिखा था कि वह बम वाली जैकेट पहनकर आर्मी का चेकपोस्ट उड़ा देगा, और 100 प्रतिशत देगा। दूसरे साथी द्वारा जैकेट के बारे में पूछने पर पाकिस्तान से जुड़े हैंडलर ने जवाब दिया था कि वे इसे घर में ही बना लेंगे।

## सीजेपी नेता सौरभ दास की विदेश यात्रा पर रोक

● दीपके की फॉड सलाह पर छिड़ा विवाद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** काम्पैक्ट जनता पार्टी (सीजेपी) के नेता सौरभ दास को विदेश यात्रा से रोके जाने पर विवाद गहरा गया है। इस घटना के बाद पार्टी के प्रमुख अभिजीत दीपके ने सरकार पर तंज कसते हुए दास को कोई बड़ा फ्रॉड करने की सलाह दे डाली, ताकि उन्हें भी नीरव मोदी और विजय माल्या जैसे भगोड़ों की तरह देश से बाहर जाने दिया जाए। दीपके ने दास के पासपोर्ट पर उठ रहे सवालों को लेकर भी सरकार पर निशाना साधा है। सौरभ दास ने सोमवार को आरोप लगाया था कि उन्हें ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट यूनियन के बुलावे पर लंदन जाने से रोका गया है। उन्होंने एक वीडियो साझा कर बताया कि उन्हें पैनल चर्चा और लेक्चर के लिए न्योता मिला था, लेकिन सरकार ने उन्हें यात्रा करने से प्रतिबंधित कर दिया। सीजेपी के राष्ट्रीय संयोजक अभिजीत दीपके ने सोशल मीडिया पर लिखा, विजय माल्या ने 9 हजार करोड़ रुपये का फ्रॉड किया, नीरव मोदी ने 6 हजार 498 करोड़ रुपये का फ्रॉड किया, और मेहुल चोकसी ने 7 हजार 80 करोड़ रुपये का फ्रॉड किया। इन सभी तीनों को देश छोड़कर भागने दिया गया। सौरभ दास भाई, कोई बड़ा फ्रॉड कर अगर बाहर जाना है तो। उन्होंने इससे पहले भी कहा था कि काश सौरभ ने बैंक लूटा होता या फ्रॉड किया होता, फिर सरकार उसे जरूर लंदन जाने देती। दीपके ने सौरभ दास के पासपोर्ट के मुद्दे पर भी सरकार से सवाल किया। उन्होंने लिखा, सौरभ के पासपोर्ट में गड़बड़ियां? उसका पासपोर्ट तो इसी सरकार ने साल 2019 में जारी किया था। उन्हें 7 साल से कोई गड़बड़ियां नहीं मिली हैं, लेकिन सीजेपी के गठन और सौरभ दास के उसके सबसे बड़े चेहरों में से एक बनने के बाद अचानक मिलने लगीं। उन्होंने यह भी कहा कि दास को हवाई अड्डे पर रोक लिया गया और बताया गया कि वह भारत से बाहर नहीं जा सकता। दीपके ने प्रश्न किया, एक भारतीय विदेश यात्रा क्यों नहीं कर सकता? क्या वह अपराधी है? दास द्वारा की गई सबसे बड़ी गलती यह है कि उसने कोई घोटाला या धोखाधड़ी नहीं की। दास ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम ऑक्सफोर्ड यूनियन में 1 दिसंबर को था, जिसमें उन्हें और सीजेपी की लीगल हेड रत्ना सिंह को आमंत्रित किया गया था। छात्रों ने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय, एडिनबर्ग विश्वविद्यालय और क्वीन मैरी विश्वविद्यालय में भी अन्य कार्यक्रमों की योजना बनाई थी।

## पश्चिम बंगाल: तेजी से बढ़ा एनसीपीआई का दबदबा, टीएमसी में फिर टूट

**कोलकाता , एजेंसी ।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में इन दिनों एक नया सियासी समीकरण आकार ले रहा है। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कभी मजबूत गढ़ माने जाने वाले ग्रामीण इलाकों में अब नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) तेजी से अपनी पकड़ बना रही है। इस पार्टी में पहले से ही सायोनी घोष, सुदीप बंद्योपाध्याय, शताब्दी रॉय और यूसुफ पठान जैसे चर्चित नेता शामिल हो चुके हैं। तृणमूल के 20 बागी सांसदों के एनसीपीआई में शामिल होने के बाद अब पंचायत स्तर पर भी पार्टी का विस्तार हो रहा है।

उत्तर बंगाल से लेकर दक्षिण बंगाल तक कई पंचायत प्रतिनिधियों के पाला बदलने से ममता बनर्जी के सामने संगठनात्मक चुनौती खड़ी हो गई है। इस घटनाक्रम ने जहां टीएमसी के ग्रामीण आधार पर सवाल खड़े किए हैं, वहीं भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक रणनीति को लेकर भी नई बहस छेड़ दी है।

इस बदलाव की सबसे अहम बात यह है कि एनसीपीआई कोई पुरानी या बंगाल में मजबूत संगठनात्मक आधार वाली पार्टी नहीं है। यह केंद्र में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा है। इसके बावजूद पंचायतों में लगातार हो रहे दलबदल ने उसे राज्य की राजनीति में चर्चा के केंद्र में ला दिया है। एनसीपीआई का यह उत्थान चौंकाने वाला है, क्योंकि हाल तक पश्चिम बंगाल में इसकी न के बराबर संगठनात्मक उपस्थिति थी। तृणमूल कांग्रेस की विधानसभा चुनाव में हार के बाद मची राजनीतिक उथल-पुथल का यह सबसे बड़ा लाभार्थी बनकर उभरा है। इसने बड़ी संख्या में चुने हुए प्रतिनिधियों को अपनी ओर आकर्षित किया है और कई ग्रामीण निकायों में सत्ता का संतुलन बदल दिया है। ताजा घटनाक्रम में सबसे बड़ा असर उत्तर 24 परगना जिले के बशीरहाट संसदीय क्षेत्र में दिखाई दे रहा है।

एनसीपीआई का दावा है कि उसने तृणमूल के कब्जे वाली 13 ग्राम पंचायतों और दो पंचायत समितियों पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है। इस इलाके में संदेशखाली और मीनाखान जैसे क्षेत्र शामिल हैं, जहां से कई स्थानीय जनप्रतिनिधि एनसीपीआई में शामिल हुए हैं। मीनाखान पंचायत समिति में 23 सदस्यों में से 13 ने तृणमूल छोड़कर एनसीपीआई का दामन थाम लिया, जिनमें समिति के उपाध्यक्ष भी शामिल हैं। इसी तरह संदेशखाली-ढ़ढ़ पंचायत समिति के 24 सदस्यों में से 17 ने एनसीपीआई का रुख किया है, जबकि संदेशखाली-ढ़ की नजात-2 ग्राम पंचायत में 26 में से 19 सदस्य पार्टी छोड़कर चले गए हैं। उत्तर दिनाजपुर जिले की गोलपोखर-द्वितीय पंचायत समिति में भी अध्यक्ष समेत 16 सदस्य एनसीपीआई में शामिल हो गए हैं।

एनसीपीआई का यह विस्तार तृणमूल की चुनावी हार और उसके बाद पार्टी के संसदीय खेमे में हुई टूट के बाद हुआ है। तृणमूल कांग्रेस के 27 लोकसभा सदस्यों में से 20 सदस्य अलग होकर एनसीपीआई में शामिल हो गए थे, साथ ही उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को अपना समर्थन देने की घोषणा की थी। तृणमूल कांग्रेस ने एनसीपीआई को भाजपा के मोहरे के तौर पर काम करने का आरोप लगाया है। टीएमसी विधायक कुणाल घोष ने कहा, भाजपा अपनी बी-टीम और सी-टीम ला रही है। जो लोग दल बदलकर गए हैं, वे भाजपा के एजेंट हैं। वहीं मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने भी आरोप लगाया कि एनसीपीआई का सामने आना, बंगाल में भाजपा के विस्तार को आसान बनाने की एक बड़ी रणनीति का हिस्सा है।



## संविधान दिवस पर लखनऊ में कांग्रेस की रैली आज, खड़गे होंगे शामिल

● प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम, आराधना मिश्रा बोलीं—संविधान और लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प मजबूत करेंगे

लखनऊ,एजेंसी। संविधान दिवस के अवसर पर 26 नवंबर को लखनऊ में कांग्रेस की ओर से रैली और कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे इसमें शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कार्यक्रम में शामिल होना प्रदेश कांग्रेस के लिए गर्व और उत्साह का विषय है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लखनऊ पहुंच रहे हैं। मिश्रा ने कहा कि राहुल गांधी संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए जो लड़ाई लड़ रहे हैं, उसे कांग्रेस सड़क से लेकर प्रदेश स्तर तक और मजबूत करेगी। इसी संकल्प के साथ 26 नवंबर को रैली आयोजित की जा रही है। उत्तर प्रदेश में सपा के साथ सीट बंटवारे को लेकर पूछे गए सवाल पर मिश्रा ने कहा कि करीब साढ़े तीन घंटे तक बैठक हुई और बातचीत सकारात्मक रही। उन्होंने इसे गठबंधन के लिए अच्छी शुरुआत बताया। मिश्रा ने कहा कि गठबंधन को पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ा जाएगा और सरकार बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

# पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी 30 फीसदी तक बढ़ाएगी केरल सरकार

**-महिला अधिकारी मादक पदार्थों के खिलाफ अभियानों में कर रही अच्छा प्रदर्शन**

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरलम सरकार ने राज्य में अपराध पर लगाम लगाने और जांच प्रक्रिया को तेज करने के लिए पुलिस बल में महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी बढ़ाने का बड़ा ऐलान किया है। गृह मंत्री रमेश चेन्निथला ने बताया कि सरकार चरणबद्ध भर्ती के जरिए पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी को 30 फीसदी तक बढ़ाएगी। मंत्रिमंडल के फैसले के तहत, भविष्य में होने वाली भर्तियों में पुरुषों और महिलाओं का अनुपात 7:3 रखा जाएगा। मंत्री ने मलप्पुरम अपराध शाखा इकाई कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर यह बात कही। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि महिला अधिकारी अपराध का पता लगाने और मादक पदार्थों के खिलाफ अभियानों में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। वर्तमान में राज्य भर के 63 थानों में एसएचओ के रूप में कार्यरत हैं। इसके साथ ही अपराध शाखा और सतर्कता शाखाओं की कार्यकुशलता में सुधार के लिए भी बदलाव किए जाएंगे। गृह मंत्री ने बताया कि अपराध शाखा और सतर्कता विभाग में अब नियुक्तियां पूरी तरह योग्यता के आधार पर की जा रही हैं। जांच में रुचि और दक्षता रखने वाले अधिकारियों का चयन विशेष परीक्षा के जरिए किया जाता है।

विशेषज्ञों के मुताबिक यह परीक्षा पुलिस महानिदेशक और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के परामर्श से तैयार की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन विशेष शाखाओं का उद्देश्य नियमित पुलिस बल में काम के बोझ के कारण दरकिनार कर दिए गए अधिकारियों को जगह देना नहीं है।

वर्तमान में राज्य में अपराध शाखा फिलहाल 2,763 अहम मामलों की जांच कर रही है, जिनमें 321 मामले अकेले 2026 में दर्ज किए गए हैं। विभाग की प्राथमिकता निर्धारित समयसीमा के भीतर जांच पूरी करना है। गृह मंत्री ने यह भी बताया कि राज्य में मादक पदार्थों के प्रसार पर अंकुश लगाने के लिए शुरू किया गया 'ऑपरेशन तूफान' काफी सफल रहा है और इसके लागू होने के बाद आपराधिक मामलों में 35 फीसदी की कमी आई है। यह कदम राज्य में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम पहल मानी जा रही है।



# भाजपा-अकाली पुनर्मिलन

पिछले कुछ महीनों से पंजाब व दिल्ली में भाजपा व अकाली दल की तरफ से जिस तरह की बयानबाजियां और राजनीतिक हलचल सामने आ रही थी, उसके निहितार्थ स्पष्ट ही थे। जो संकेत दे रहे थे कि पंजाब में विधानसभा चुनाव से पहले शिरोमणि अकाली दल और भारतीय जनता पार्टी का फिर एक बार साथ आना लगभग तय ही है। वर्ष 2027 के आसन्न पंजाब विधानसभा चुनाव से ठीक पहले इन दोनों दलों का साथ आने का फैसला बताता है कि यह गठबंधन सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को चुनौती देने के ठोस प्रयास कर कर रहा है। इस गठबंधन की घोषणा गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव के मौके पर की गई है, जिसके ऐतिहासिक और प्रतीकात्मक, दोनों ही तरह के महत्व हैं। यहां उल्लेखनीय है कि भारतीय जनता पार्टी और अकाली दल ने पहली बार तीन दशक पहले भी हाथ मिलाया था। उस समय इस गठबंधन को आतंकवाद से उबरते पंजाब में हिंदू-सिख एकता के प्रतीक के रूप में देखा जाता था। कालांतर दोनों दलों के रिश्तों में खटास उस समय आई, जब केंद्र सरकार द्वारा लाए गए तीन विवादित कानूनों के विरोध में व्यापक जनाक्रोश दिखा। किसानों के आक्रोश के चलते अकाली दल को अपना जनाधार खिसकता नजर आया था। कालांतर वर्ष 2020 में अकाली दल ने भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन से नाता तोड़ लिया था। बहरहाल, इस गठबंधन की घोषणा के बाद जिस तरह के बयान गृहमंत्री अमित शाह की तरफ से आए हैं, वह दर्शाता है कि पिछले एक दशक में शिरोमणि अकाली दल के सिमटते जनाधार के बावजूद इस क्षेत्रीय दल को पर्याप्त महत्व दिया जा रहा है। अमित शाह ने गठबंधन की घोषणा के बाद कहा कि अकाली दल पंजाब में बड़े भाई की भूमिका में रहेगा। साथ ही यदि गठबंधन की जीत हुई तो मुख्यमंत्री पद अकाली दल को ही मिलेगा। वैसे यह एक हकीकत है कि इस गठबंधन के बावजूद पंजाब के राजनीतिक परिदृश्य को पूरी तरह बदल देना आसान भी नहीं होगा।

वैसे आज भी शिरोमणि अकाली दल पर साल 2025 की बेअदबी की घटनाओं और उसके बाद हुए राज्यव्यापी विरोध-प्रदर्शनों का बोझ है। जिसने उस समय अकाली सरकार को हिलाकर रख दिया था। वहीं, केंद्र में सत्ताधारी भाजपा के खिलाफ तीन कृषि कानूनों को लेकर उपजे गुस्से को पूरी तरह समाप्त नहीं समझ लेना चाहिए। तब किसान काफी नाराज हुए थे और उन्होंने दिल्ली की सीमाओं पर पूरे एक साल तक आंदोलन किया था। अंततः नवंबर 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन कानूनों को वापस लेने की घोषणा की थी। लेकिन इसके बावजूद आगामी चुनावों में भाजपा को कोई सकारात्मक प्रतिसाद पंजाब की जनता की तरफ से नहीं मिला था। तीन माह बाद, 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को सिर्फ दो सीटों में ही संतोष करना पड़ा था। कमोबेश शिअद की स्थिति भी कोई अच्छी नहीं रही थी। उसे तब सिर्फ तीन ही सीटें मिली थीं। निस्संदेह, यह अकाली दल का अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन था। इसके विपरीत आम आदमी पार्टी ने तब रिकॉर्ड जीत दर्ज की थी। बहरहाल, भाजपा और शिअद के इस पुनर्मिलन से दो मुख्य सवाल खड़े होते हैं। क्या इस गठबंधन के पीछे पंजाब के उन्नयन को लेकर कोई साझा विज़न है? या ये फिर महज चुनावी गणित ही है? सवाल यह भी है कि क्या यह गठबंधन दोनों दलों के लिये लाभदायक साबित होगा? निस्संदेह, आज पंजाब गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसमें आर्थिक दबाव भी एक बड़ा कारण है। राज्य गंभीर बेरोजगारी की चपेट में है। वहीं राज्य में नशीले पदार्थों का बढ़ता कारोबार व सेवन एक गंभीर चुनौती है। हालांकि, भाजपा ने पंजाब में नशे के खात्मे को अपनी प्राथमिकता बताया है और नशामुक्त पंजाब का रोडमैप भी सार्वजनिक किया है। जब पंजाब के राज्यपाल को कहना पड़ता है कि यहां गोलियां पटाखों की तरह चलती हैं, तो गैंगस्टरों के पसरे आतंक को समझा जा सकता है। शिअद और भाजपा के इस गठबंधन के लिये असली इम्तिहान यह भी होगा कि वे मतदाताओं को कैसे यकीन दिलाएंगे कि यह पंजाब के लिये सबसे बेहतर विकल्प है?

# चुनावी महासंग्राम की राह पर उत्तर प्रदेश



निर्मल रानी

उत्तर प्रदेश विधानसभा की 403 सदस्यों के लिये होने वाले आम चुनाव, फ़रवरी-मार्च 2027 में होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के साथ ही देश के 4 अन्य राज्यों पंजाब, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में भी संभवतः फ़रवरी-मार्च 2027 की शुरुआत में ही विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। इन सभी पाँचों राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल मार्च से मई 2027 के बीच समाप्त हो रहा है। इन पांच राज्यों के अलावा, वर्ष 2027 के अंत यानी नवंबर-दिसंबर में दो अन्य राज्यों गुजरात और हिमाचल प्रदेश में भी विधानसभा चुनाव निर्धारित हैं। इन विधान सभा चुनावों को 2029 के प्रस्तावित लोकसभा चुनावों के सेमी फ़ाइनल के रूप में भी देखा जा रहा है। वैसे तो इन सभी पांचों राज्यों में चुनाव बेहद दिलचस्प होने की संभावना है परन्तु सबसे चुनौतीपूर्ण चुनाव उत्तर प्रदेश में देखने को मिल सकता है। साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के आधार अपनी चुनावी बिसात बिछाने वाला देश का यह सबसे बड़ा प्रदेश इस बार न केवल साम्प्रदायिक बल्कि जातीय समीकरणों में भी बुरी तरह उलझ चुका है। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर के बाद, निर्वाचन आयोग ने 2027 विधानसभा चुनाव से पहले ड्राफ़्ट मतदाता सूची जारी कर दी है और नाम जोड़ने व सुधारने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 17 नवंबर 2026 को जारी ड्राफ़्ट मतदाता सूची में उत्तर प्रदेश में कुल 13.58 करोड़ मतदाता दर्ज किए गए हैं। 10 अप्रैल 2026 को एसआईआर के बाद प्रकाशित अंतिम सूची की तुलना में इस मसौदा सूची में 18,84,113 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि हुई है। इस वृद्धि में महिला मतदाताओं की संख्या में 10,96,828 और पुरुष मतदाताओं की संख्या में 7,87,449 का इज़ाफ़ा हुआ है। इससे पहले एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान 15.44 करोड़ मतदाताओं की जांच के बाद 12.55 करोड़ नाम बरक़रार रखे गए थे और लगभग 2.89 करोड़ नाम सूची से हटाए गए थे। इसी बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि पंचायत और विधानसभा मतदाता सूची के भ्रम के कारण 1 करोड़ 27 लाख हिंदू मतदाताओं के नाम सूची में नहीं जुड़ पाए हैं। इसके मद्देनज़र भाजपा ने हर बूथ पर मतदाता जोड़ने के लिए एक महीने का विशेष अभियान शुरू किया है। इसी तरह समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पार्टी ने भी मतदाता सूची में संभावित गड़बड़ियों और नाम कटने के मुद्दों पर सवाल उठाए हैं और अपने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची की निगरानी के लिए सक्रिय किया है। उधर मुस्लिम समाज भी न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर जानबूझ कर पूर्व नियोजित तरीक़े से एक बड़ी साज़िश के तहत मुस्लिम मतदाताओं के नाम काटे जाने की शिकायत कर रहा है।



उत्तर प्रदेश के इस चुनाव में जहां भाजपा बनाम इण्डिया गठबंधन (कांग्रेस+समाजवादी पार्टी ) चुनावी मुक़ाबला होने की संभावना थी वहीँ मायावती की बहुजन समाज पार्टी भी शुरू से ही अपनी डफ़ली अलग ही बजा रही है। कुछ राजनैतिक विश्लेषक इसे मायावती द्वारा भाजपा को लाभ पहुँचाने की कोशिश की नज़र से भी देख रहे हैं। परन्तु पिछले दिनों असदुद्दीन ओवैसी की ए आई एम आई एम ने उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से लोकसभा सांसद और भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रेशखर की आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) से चुनाव पूर्व समझौता कर उत्तर प्रदेश के राजनैतिक हल्क़ों में ख़लबली पैदा कर दी है। बसपा जैसे दलों की सक्रियता से मुस्लिम वोटों के बंटवारे की संभावना पर जहां पहले भी चर्चा होती रही है वहीँ चुनाव नज़दीक आने पर बने ओवैसी चंद्रशेखर के यह नये समीकरण व इसके द्वारा उठाये जाने वाले धर्मस्थल विध्वंस,लक्षित एस आई आर,अवैध घुसपैठ, धर्मांतरण, धार्मिक जुलूसों जैसे अनेक ऐतिहासिक विवादों पर तीखे बयान सामाजिक और साम्प्रदायिक संवेदनशीलता को और भी बढ़ा रहे हैं। गोया उत्तर प्रदेश के लगभग 19-20त मुस्लिम मतदाताओं के रुझान को लेकर एक ओर जहां सपा-कांग्रेस गठबंधन इस वोट बैंक को एकजुट रखने का प्रयास कर रहे थे वहीं असदुद्दीन ओवैसी के ए आई एम आई एम व चंद्रशेखर की आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) और बसपा जैसे दलों की सक्रियता से मुस्लिम वोटों के बंटवारे की संभावना बढ़ती दिखाई दे रही है। कुछ राजनैतिक विश्लेषक तो पहले ही असदुद्दीन ओवैसी को भाजपा के हितसाधक नेता के रूप में देखते आ रहे थे परन्तु अब इस सूची में चंद्रशेखर आज़ाद का नाम भी शामिल हो गया है।

उधर भाजपा समर्थित बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेन्द्र शास्त्री जोकि पहले भी अपने सम्प्रदायिकपूर्ण व विवादित बयानों के लिये चर्चा में बने रहते हैं उन्होंने पिछले दिनों हमारे राम तुम्हारे कृष्ण जैसी बातें कर और साथ ही भगवान कृष्ण को लेकर अशोभनीय बातें कर समाज में रोष भड़का दिया है। इसके बाद बेशक धीरेन्द्र शास्त्री ने मुआफ़ी मांग ली है परन्तु उनके समर्थन और विरोध को लेकर खिंची रेखायें साफ़ दिखाई दे रही हैं। इसके अतिरिक्त राज्य की राजनीति में ब्राह्मण लॉबी और राजपूत/ठाकुर असंतोष जैसे मुद्दे भी चर्चा में हैं। जबकि बहुजन समाज पार्टी के कोर जाटव वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए सपा, भाजपा और चंद्रशेखर की आज़ाद समाज पार्टी के बीच होड़ देखी जा रही है। उधर भारतीय जनता पार्टी द्वारा राम जन्म भूमि आंदोलन का पूरा लाभ उठा लेने के बाद और साथ ही मंदिर के दान व चंदा चोरी जैसे आरोपों में घिरने के बाद अब मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि का मुद्दा उठाये जाने के भी चर्चा सुनी जा रही है। इतना ही नहीं बल्कि अधिकांश दलों द्वारा लगभग प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में उप-जातियों के आधार पर टिकट वितरण और प्रचार से स्थानीय स्तर पर जातीय वैमनस्य भी बढ़ सकता है। इसके अलावा चुनावों के बीच डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर भ्रामक सूचनाओं और भड़काऊ कंटेंट के प्रसार से भी साम्प्रदायिक और जातीय तनाव भड़कने का जोखिम बना रहता है। इसीलिये 2027 का चुनाव बेहद महत्वपूर्ण होने के कारण इस चुनाव में आक्रामक बयानबाज़ी बढ़ने की पूरी आशंका है। जबकि एक अध्ययन के मुताबिक़, सभी समुदायों के युवा मतदाता पहचान की राजनीति के साथ-साथ रोज़गार, शिक्षा और बुनियादी सेवाओं को भी प्राथमिकता दे रहे हैं। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि इस बार उत्तर प्रदेश, चुनावी महासंग्राम की राह पर जाता दिखाई दे रहा है।

# बिहार की बदलती तस्वीर विकास की नई राह पर आगे बढ़ता राज्य



कांतिलाल मांडोत

घोटालों और पिछड़ेपन की पहचान से बाहर निकलकर निवेश शिक्षा रोजगार और सुशासन की ओर बढ़ता बिहार

बिहार का नाम आते ही कभी राजनीतिक अस्थिरता, भ्रष्टाचार, अपराध, पलायन और बदहाल व्यवस्था की चर्चा होने लगती थी। एक समय ऐसा भी था जब बिहार की पहचान विकास की संभावनाओं से अधिक राजनीतिक विवादों और कानून व्यवस्था की चुनौतियों के कारण बनती थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में राज्य की तस्वीर बदलने के प्रयासों ने विकास की एक नई उम्मीद पैदा की है। सड़क, बिजली, पुल, शिक्षा, उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में हो रहे काम इस बात का संकेत हैं कि बिहार अब अपनी पुरानी छवि से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 21 नवंबर को वैशाली दौरा और लगभग 34,470 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास इसी बदलती सोच का महत्वपूर्ण उदाहरण है।

बिहार की प्रगति को केवल राजनीतिक नारों के आधार पर नहीं परखा जा सकता। इसके लिए जमीन पर दिखाई देने वाले बदलावों को समझना जरूरी है। गंगा नदी पर बना नीतीश सेतु इसका बड़ा उदाहरण है। लगभग 4,280 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 19.7 किलोमीटर लंबी छह लेन की यह परियोजना पटना और वैशाली के बीच आवागमन को आसान बनाएगी। इससे राघोपुर दियारा के लाखों लोगों को बारहमासी सड़क संपर्क मिलेगा। पहले जिन लोगों को नाव और पीपा पुल के सहारे आवागमन करना पड़ता था, उन्हें अब बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। किसानों के लिए अपनी उपज बाजार तक पहुंचाना आसान होगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। यह केवल एक पुल नहीं, बल्कि उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच आर्थिक संपर्क मजबूत करने वाला माध्यम है।

बिहार की बदलती तस्वीर में बिजली क्षेत्र की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। बक्सर के चौसा ताप विद्युत संयंत्र की दूसरी 660 मेगावाट इकाई राष्ट्र को समर्पित की गई है। पीरपैंती बिजली परियोजना के लिए पारेषण व्यवस्था और नवादा के फुलवरिया बांध पर तैरता सौर ऊर्जा संयंत्र भी भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए जा रहे हैं। बिजली वितरण व्यवस्था में सुधार के लिए 1,130 करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों का लोकार्पण और किसानों को सिंचाई के लिए 12 घंटे बिजली देने की योजना कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत कर सकती है। हालांकि इन योजनाओं की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि बिजली गांवों और खेतों तक नियमित रूप से पहुंचती है या नहीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में निवेश और विकास की चर्चा करते हुए पुरानी राजनीतिक व्यवस्था पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पहले बिहार घोटालों के कारण चर्चा में रहता था, जबकि अब निवेश और विकास परियोजनाओं की बात होती है। इस राजनीतिक टिप्पणी के पीछे एक महत्वपूर्ण सवाल भी है कि क्या बिहार वास्तव में अपनी पुरानी आर्थिक चुनौतियों से बाहर निकल रहा है? इसका उत्तर अभी पूरी तरह हां में देना जल्दबाजी होगी, लेकिन बुनियादी ढांचे में निवेश, सड़क संपर्क और बिजली उत्पादन में विस्तार सकारात्मक संकेत अवश्य हैं।

बिहार के सामने सबसे बड़ी चुनौती रोजगार और युवाओं का पलायन रोकने की है। प्रधानमंत्री ने लखनऊ में कौशल दीक्षांत समारोह में कहा कि दुनिया को केवल विश्वविद्यालयों से निकले स्नातक नहीं, बल्कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित कुशल कामगारों की भी आवश्यकता है। उनका यह संदेश बिहार के लिए विशेष महत्व रखता है। राज्य में बड़ी युवा आबादी है। यदि युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण, आधुनिक उद्योगों और स्थानीय रोजगार से जोड़ा जाए तो बिहार को दूसरे राज्यों पर निर्भर रहने की आवश्यकता कम होगी। सेमीकंडक्टर, बिजली उपकरण, खाद्य प्रसंस्करण, कृषि आधारित उद्योग और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं तलाशनी होंगी। केवल प्रशिक्षण प्रमाणपत्र बांटने से रोजगार नहीं मिलेगा, बल्कि उद्योगों की स्थापना और बाजार की जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण देना होगा। अब सवाल कानून व्यवस्था का है। क्या बिहार में अपराध पूरी तरह समाप्त हो गया है? इसका उत्तर नहीं है। पिछले वर्षों में गंभीर अपराधों में गिरावट के संकेत मिले हैं। बिहार पुलिस के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2025 में 2024 की तुलना में हत्या के मामलों में 8.3 प्रतिशत, दुष्कर्म में 8.2 प्रतिशत और डकैती में 26.9 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। यह सकारात्मक उपलब्धि है। लेकिन दूसरी ओर चोरी, साइबर अपराध, महिलाओं की सुरक्षा और संगठित अपराध जैसी चुनौतियां अब भी चिंता का विषय हैं। इसलिए कानून व्यवस्था को दुरुस्त मानकर संतुष्ट हो जाना उचित नहीं होगा। पुलिस की जवाबदेही, त्वरित न्याय, महिलाओं की सुरक्षा और अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण से दूर रखना सुशासन की अनिवार्य शर्त होनी चाहिए। राजनीतिक दृष्टि से भी बिहार में परिस्थितियां बदली हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार विकास और निवेश को अपनी प्राथमिकता बता रही है। दूसरी तरफ राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों के सामने अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता बनाए रखने की चुनौती है। विधानसभा चुनाव में विपक्ष को मिली पराजय के बाद उसे आत्ममंथन करने की जरूरत है। केवल जातीय समीकरण, राजनीतिक आरोप और सत्ता विरोधी बयानबाजी के सहारे जनता का विश्वास हासिल नहीं किया जा सकता। विपक्ष का दायित्व है कि वह बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, किसानों और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों पर सरकार से सवाल पूछे तथा उनके समाधान का व्यावहारिक विकल्प भी प्रस्तुत करे। मजबूत विपक्ष लोकतंत्र की आवश्यकता है, इसलिए उसकी कमजोरी अंततः लोकतांत्रिक व्यवस्था को भी प्रभावित करती है। बिहार को आगे बढ़ाने के लिए सरकार को कुछ बुनियादी प्राथमिकताओं पर गंभीरता से काम करना होगा। गांवों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करानी होंगी। उद्योगों को जमीन, बिजली और बेहतर परिवहन सुविधा के साथ पारदर्शी प्रशासन देना होगा। सरकारी नौकरियों की भर्ती समय पर होनी चाहिए और निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने होंगे। भ्रष्टाचार पर कार्रवाई केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। पंचायत से लेकर सचिवालय तक सरकारी योजनाओं की निगरानी और जवाबदेही तय करनी होगी। कृषि के साथ छोटे उद्योगों और महिला उद्यमिता को भी आर्थिक विकास का आधार बनाना होगा। बिहार बदल रहा है, लेकिन इस बदलाव को स्थायी और व्यापक बनाना अभी बाकी है। पुलों का निर्माण, बिजली परियोजनाएं और हजारों करोड़ रुपये का निवेश विकास की मजबूत नींव बन सकते हैं। असली परीक्षा तब होगी जब बिहार का युवा रोजगार के लिए अपना घर छोड़ने को मजबूर नहीं होगा, किसान को अपनी उपज का उचित मूल्य मिलेगा और आम नागरिक बिना भय के जीवन जी सकेगा। सुशासन का अर्थ केवल अपराधियों पर कार्रवाई नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक को न्याय, सुरक्षा और अवसर उपलब्ध कराना है। बिहार के पास प्रतिभा, श्रमशक्ति और अपार संभावनाएं हैं। जरूरत ऐसी राजनीतिक इच्छाशक्ति की है जो विकास को चुनावी मुद्दा नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाला जनकल्याणकारी अभियान बनाए। तभी बिहार की बदलती तस्वीर वास्तव में विकसित बिहार की पहचान बन सकेगी।

# हमारी लोकतांत्रिक आत्मा का जीवंत घोषणापत्र है संविधान



विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान भारत का संविधान है, जो वैसे तो 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया था लेकिन इसे 26 नवम्बर 1949 को ही स्वीकृत कर लिया गया था। इसी दिन भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था, इसीलिए 26 नवम्बर का दिन ही 'संविधान दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिन संविधान निर्माता के रूप में डा. भीमराव अम्बेडकर को याद किया जाता है, जिन्होंने दुनिया के सभी संविधानों को परखने के बाद भारतीय संविधान के रूप में दुनिया का सबसे बड़ा संविधान तैयार किया। भारत का संविधान ऐसा महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार देता है और साथ ही हमारे कर्त्तव्यों को भी निर्धारित करता है। संविधान सभा को इसे तैयार करने में 2 साल 11 महीने 18 दिन का लंबा समय लगा था। वर्ष 2015 में पहली बार निर्णय लिया गया कि संविधान सभा की निर्मात्री समिति के अध्यक्ष डा. भीमराव अम्बेडकर के 125वें जयंती वर्ष के अवसर पर 26 नवम्बर 2015 को संविधान दिवस मनाया जाए और तभी से यह दिवस मनाए जाने की परम्परा शुरू हुई। यह दिवस मनाए जाने का उद्देश्य देश के नागरिकों को संविधान के प्रति सचेत करना, समाज में संविधान के महत्व का प्रसार करना तथा डा. भीमराव अम्बेडकर के अमूल्य योगदान और उनके विचारों, आदर्शों का स्मरण करना है।

भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने वाली समिति की स्थापना 29 अगस्त 1947 को की गई थी, जिसके अध्यक्ष के तौर पर डा. भीमराव अम्बेडकर की नियुक्ति की गई। पं. जवाहरलाल नेहरू, डा राजेन्द्र प्रसाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद इत्यादि इस सभा के प्रमुख सदस्य थे। संविधान सभा के अध्यक्ष डा राजेन्द्र प्रसाद थे और नियमानुसार संविधान पर सबसे पहले हस्ताक्षर भी उन्हीं के होने चाहिएं थे किन्तु पं. नेहरू ने संविधान पर सबसे पहले हस्ताक्षर किए थे। संविधान का मसौदा तैयार करने में किसी भी प्रकार की टाइपिंग अथवा प्रिंटिंग का इस्तेमाल नहीं किया गया। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू किया गया, तभी से हम इस दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मना रहे हैं। संविधान लागू होने से दो दिन पहले 24 जनवरी 1950 को संविधान की तीनों प्रतियों पर संविधान सभा के 284 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे। संविधान सभा के सदस्य भारत के राज्यों की सभाओं के निर्वाचित सदस्यों द्वारा चुने गए थे।

9 दिसम्बर 1946 को संविधान सभा सच्चिदानंद सिन्हा की अध्यक्षता में पहली बार समवेत हुई थी लेकिन मुस्लिम लीग ने अलग पाकिस्तान बनाने की मांग को लेकर इस बैठक का बहिष्कार किया था। 11 दिसम्बर 1946 को हुई संविधान सभा की बैठक में डा. राजेन्द्र प्रसाद को संविधान सभा का अध्यक्ष चुना गया और वे संविधान के निर्माण का कार्य पूरा होने तक इस पद पर रहे। 14 अगस्त 1947 को भारत डोमिनियन की प्रभुत्ता सम्पन्न संविधान सभा पुनः समवेत हुई और 29 अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत में संविधान सभा द्वारा संविधान निर्मात्री समिति का गठन किया गया, जिसका अध्यक्ष सर्वसम्मति से डा. भीमराव अम्बेडकर को बनाया गया। संविधान प्रारूप समिति की बैठकें 114 दिनों तक चली। संविधान के निर्माण कार्य पर कुल 63 लाख 96 हजार 729 रुपये का खर्च आया और इसके निर्माण कार्य में कुल 7635 सूचनाओं पर चर्चा की गई। संविधान सभा में शुरू में 389 सदस्य थे किन्तु मुस्लिम लीग द्वारा स्वयं को इससे अलग कर लिए जाने के बाद संविधान सभा के सदस्यों की संख्या 299 रह गई थी।

बहुत कम लोगों को ही भारतीय संविधान की पहली प्रति के बारे में मालूम होगा कि संविधान के जो सजे हुए चित्र हम देखते हैं, वह संविधान की पहली हस्तलिखित प्रति के ही चित्र हैं। इस प्रति को दिल्ली निवासी प्रेम बिहारी रायजादा ने कैलीग्राफी के जरिये तैयार किया था। 1400 पन्नों की संविधान की प्रति को अंग्रेजी में रास बिहारी ने और हिन्दी में वी के वैद्य ने लिखा, जिन्होंने इसे लिखने का कार्य एक हफ्ते में ही पूरा कर दिया था। इसी संविधान की तीन प्रतियां बनवाई गई, जिनमें से दो को नंदलाल बोस और राम मनोहर सिन्हा द्वारा सुसज्जित पन्नों पर प्रेम बिहारी रायाजादा ने, एक हिन्दी और दूसरी अंग्रेजी में तैयार किया जबकि तीसरी प्रति को अंग्रेजी में देहरादून में छपवाया गया। यह हमारे लिए आश्चर्य के साथ गौरव की भी बात है कि इतना महत्वपूर्ण दस्तावेज होते हुए भी भारतीय संविधान की मूल प्रति हस्तलिखित ही है, जिसकी पहली दो प्रतियां हिन्दी और अंग्रेजी में हैं।

26 नवम्बर 1949 को संविधान का पहला ड्राफ्ट तैयार हो जाने पर तय हुआ कि संविधान की पहली प्रति को कैलीग्राफी की खूबसूरत कला में सहेजा जाए। तब पं. नेहरू ने कैलीग्राफी कला में महारत हासिल प्रेम बिहारी रायजादा से खूबसूरत लिखावट में इटैलिक अक्षरों में संविधान की प्रति लिखने का अनुरोध किया और इस तरह रायजादा ने छह महीने में इस कार्य को पूरा किया। पं. नेहरू ने प्रख्यात चित्रकार आचार्य नंदलाल बोस से भारतीय संविधान की मूल प्रति को अपनी चित्रकारी से सजाने का आग्रह किया था और इस प्रकार 221 पृष्ठों के इस दस्तावेज के सभी 22 भागों में से प्रत्येक को एक-एक चित्र से सजाया गया और भारतीय संविधान की इस मूल प्रति पर इन 22 चित्रों को बनाने में चार साल का समय लगा। इसके प्रस्तावना पृष्ठ को नंदलाल बोस के शिष्य राममनोहर सिन्हा ने सजाया था। हमारे संविधान की मूल प्रतियों को लेकर यह तथ्य भी बहुत ही कम लोग जानते होंगे कि संविधान की इन बेशकीमती प्रतियों को संसद भवन की लाइब्रेरी के एक कोने में बने स्ट्रांग रूम में सहेजकर रखा गया है, जिन्हें पढ़ने की इजाजत किसी को भी नहीं है। संविधान की ये प्रतियां कभी खराब न हो सकें, इसके लिए इन्हें हीलियम गैस से भरे केस में सुरक्षित रखा गया है। यही कारण है कि हमारे देश की यह अमूल्य धरोहर हमारे पास सुरक्षित और आज भी मूल अवस्था में है। हीलियम एक ऐसी अक्रिय गैस है, जो संविधान की प्रति के पन्नों को वातावरण के साथ रासायनिक प्रतिक्रिया करने से रोकती है।

निर्माण के समय मूल संविधान में 395 अनुच्छेद शामिल थे, जो 22 भागों में विभाजित थे और इसमें केवल 8 अनुसूचियां थी। अब भारत के संविधान में 25 भागों और 12 अनुसूचियों में 448 अनुच्छेद हैं और संविधान में अभी तक 105 बार संशोधन हो चुके हैं। संविधान में किए गए इन संशोधनों के जरिये सामयिक जरूरतों के अनुरूप जनतंत्र और शासन प्रणाली को मजबूती प्रदान करने के प्रयास किए गए। संविधान में पहला संशोधन वर्ष 1951 में किया गया था, जिसके तहत स्वतंत्रता, समानता एवं सम्पत्ति से संबंधित मौलिक अधिकारों को लागू करने संबंधी व्यावहारिक कठिनाइयों का निराकरण करने के लिए संविधान में नवीं अनुसूची जोड़ी गई थी।

## चिंतन-मनन

# ईश्वर का स्वरूप क्या है?

पहले अपने स्वरूप को जानों

एक महात्मा से किसी ने पूछा- ईश्वर का स्वरूप क्या है?

महात्मा ने उसी से पूछ दिया-तुम अपना स्वरूप जानते हो?

वह बोला- नहीं जानता।

तब महात्मा ने कहा- अपने स्वरूप को जानते नहीं जो साढ़े तीन हाथ के शरीर में मैं-मैं कर रहा है और संपूर्ण विश्व के अधिष्ठान परमात्मा को जानने चले हो। पहले अपने को जान लो, तब परमात्मा को तुरंत जान जाओगे। एक व्यक्ति एक वस्तु को दूरबीन से देख रहा है। यदि उसे यह नहीं ज्ञान है कि वह यंत्र वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु के सही स्वरूप का ज्ञान कैसे होगा?

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।**

**9456884327/8218179552**

अमरोहा

हिंदी दैनिक
सब का सपना 3

# पूर्व प्रधान पर जानलेवा हमले के विरोध में सुभासपा ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव हादीपुर कलां में पंचायत के दौरान कैलसा के पूर्व प्रधान सुरेंद्र सिंह पर जानलेवा हमला किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। घटना के विरोध में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक अमरोहा को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पार्टी पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मामले में शीघ्र मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार, 21 नवंबर को दोपहर करीब 12 बजे कैलसा गांव निवासी पूर्व प्रधान सुरेंद्र सिंह अपने पुत्र प्रीत के साथ हादीपुर कलां में एक पंचायत में शामिल होने पहुंचे थे। पंचायत में असलम शाह की पुत्री से संबंधित मामले को लेकर




बातचीत चल रही थी। आरोप है कि इसी दौरान लड़की पक्ष के साथ अभद्रता का विरोध करने पर विवाद बढ़ गया। इसके बाद अरमान पुत्र रियासत, नासिर पुत्र तसलीम, नाजिम पुत्र तसलीम, अरमाना पुत्री रियासत, रुकसाना पत्नी रियासत, नरेन्द्र चौहान समेत 10-12 अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों, लोहे की रॉड और लोहे के तबल से हमला कर दिया।आरोप है कि हमलावरों ने सुरेंद्र सिंह के सिर पर लोहे के तबल से वार किया, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई और उनका एक पैर टूट गया। उन्हें गंभीर हालत में जोया रोड स्थित पैनेसिया अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। शिकायत में हमलावरों पर करीब डेढ़ तोले की सोने की चेन लूटने और बोलेरो गाड़ी संख्या यूपी 23 क्यू 0081 को क्षतिग्रस्त करने का भी आरोप लगाया गया है। बीच-बचाव करने पहुंचे अन्य लोगों के साथ मारपीट और महिलाओं के साथ अभद्रता किए जाने की बात भी शिकायती पत्र में कही गई है।सुभासपा पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर नामजद और अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने, उनकी गिरफ्तारी करने तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कहा कि किसी भी व्यक्ति पर इस तरह हमला करना गंभीर मामला है। संगठन पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होने तक आवाज उठाता रहेगा।पार्टी पदाधिकारियों ने साफ चेतावनी दी कि यदि पुलिस ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो सुभासपा कार्यकर्ता आंदोलन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से सत्यपाल तोमर जिलाध्यक्ष आदेश अमरोही कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बग्गा मंत्री प्रतिनिधि इस्लामुद्दीन इदरीसी अतीक उर्हमान वसीम अहमद प्रीत चौधरी, सानिया सामनी नसरीन सुल्ताना ममता हरजाना रिहाना परवीन आसिफ दीपू जिशान शेखर शान मोहम्मद फहीम अशरफ अकरम मोहम्मद जनाब मोहम्मद आदि मौजूद रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 नितिन गौड़ ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**अमरोहा (सब का सपना):-** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 नितिन गौड़ ने भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुसार मासिक निरीक्षण के तहत ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया और डबल लॉक एवं सीसीटीवी कैमरों की स्थिति को देखा। निरीक्षण के दौरान सील्ड गोदाम सुव्यस्थित पाये गये। ज्ञात रहे कि निर्वाचन



आयोग के निदेर्शों के अनुपालन में निर्वाचन की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के तहत ईवीएम एवं वीवीपेट के रखाव के दृष्टिगत वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया जाना आवश्यक होता है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गरिमा सिंह, डिप्टी कलेक्टर रितु रानी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत नुक्कड़ सभा के माध्यम से जागरूक किए वाहन चालक व यात्री

**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ एवं पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के दिशा-निदेर्शों पर उप संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) मनोज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में यातायात पुलिस अमरोहा एवं सेफ ड्राइव रोड सेफ्टी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में अमरोहा रोडवेज बस अड्डे पर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिला सड़क सुरक्षा समिति के गैर सरकारी सदस्य एवं फाउंडेशन के संस्थापक अनिल कुमार जग्गा तथा यातायात उपनिरीक्षक दिनेश कुमार ने दोपहिया वाहन, ऑटोरिक्शा, बैटरी रिक्शा व




रोडवेज बस चालक-परिचालकों तथा यात्रियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। चालकों को बताया गया कि यात्रियों के साथ व्यवहार शालीन व जिम्मेदार होना चाहिए। यातायात नियमों का पालन, निर्धारित गति सीमा, क्षमता से अधिक सवारी न बैठाना, निर्धारित स्थान पर ही रुकना तथा यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि रखनी चाहिए। बस चालकों को बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगजनों व बच्चों की सहायता करने तथा विनम्र व्यवहार रखने के लिए प्रेरित किया गया। यात्रियों से अपील की गई कि चलते वाहन में चढ़ने-उतरने से बचें, चालक को परेशान न करें, अनुशासन बनाए रखें और नियमों के पालन में सहयोग करें। वक्ताओं ने कहा कि सड़क सुरक्षा चालक, परिचालक और यात्री की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम का उद्देश्य दुर्घटनाएं कम करना, सार्वजनिक परिवहन सुरक्षित बनाना और बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। सेफ ड्राइव फाउंडेशन व यातायात पुलिस ने अपील की कि सड़क सुरक्षा को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

# डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान-5.0 के तहत लखनऊ में 26 नवंबर को लगेगा विशेष महाशिविर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में संचालित डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान-5.0 के तहत 26 नवंबर को लखनऊ के इंदिरा नगर स्थित वित्तीय प्रबंधन, प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान में विशेष महाशिविर आयोजित किया जाएगा। प्रदेश के सभी जनपदों में 1 नवंबर 2026 से यह अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले 4 नवंबर को प्रयागराज, 18 नवंबर को गोरखपुर और 23 नवंबर को वाराणसी में विशेष महाशिविर आयोजित किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में भारत सरकार के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग




की सचिव निवेदिता शुक्ला वर्मा और संयुक्त सचिव ध्रुवज्योति सेनगुप्ता उपस्थित रहेंगे। उत्तर प्रदेश शासन की ओर से मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव वित्त, सचिव वित्त सहित वित्त विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। महाशिविर में पेंशनभोगियों को डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (जीवन प्रमाण) के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही फेस ऑथेंटिकेशन और अन्य डिजिटल सुविधाओं के माध्यम से जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की प्रक्रिया को सरल बनाने की जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर वरिष्ठ पेंशनभोगियों का सम्मान करने के साथ उनसे संवाद भी किया जाएगा। कोषागार निदेशालय, उत्तर प्रदेश का उद्देश्य डिजिटल तकनीक के माध्यम से पेंशनभोगियों को सरल, पारदर्शी और सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है।

# बिंदकी में महिला से ज्वेलरी लूट का खुलासा, सात गिरफ्तार

**बिंदकी/फतेहपुर (सब का सपना):-** बिंदकी में महिला अंजना देवी से हुई ज्वेलरी लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने पीड़िता के रिश्तेदार जीत बहादुर समेत कुल सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि जीत बहादुर ने अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की वारदात को




अंजाम दिया था। पुलिस ने लूटी गई पूरी सोने-चांदी की ज्वेलरी और 20 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। लूटा गया सोने का हार खरीदने वाला आदित्य सोनकर भी गिरफ्तार किया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि सभी अभियुक्तों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा की सामाजिक संपर्क बैठक में विभिन्न समाजों से संवाद, सामाजिक समरसता और संगठन की मजबूती पर दिया जोर

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 25 एवं 26 नवंबर को दो दिवसीय सामाजिक संपर्क बैठक का आयोजन राजभवन कॉलोनी स्थित उपमुख्यमंत्री आवास पर किया गया। ह्यअनेक समाज, एक परिवारह्ण की भावना के साथ आयोजित बैठक में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं भाजपा सामाजिक संपर्क अभियान संयोजक डॉ. नीरज सिंह ने विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों से संवाद किया। बैठक में धानुक, सोनकर, स्वर्णकार, बहेलिया, बढ़ई, विश्वकर्मा एवं भुर्जी समाज के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उपस्थित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा उत्तर प्रदेश में पिछले 10 वर्षों में जो बदलाव आया है, उसे हम सभी ने अपनी आंखों से देखा है। एक समय था जब उत्तर प्रदेश को गुंडों और अपराधियों का प्रदेश कहा जाता था। समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान कानून-व्यवस्था की स्थिति ऐसी थी कि बहन-बेटियों का घर से बाहर निकलना मुश्किल




हो गया था। परिवार के लोग अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहते थे। लेकिन आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। आज अपराधियों और माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो रही है। जब भी गुंडे और माफिया सक्रिय होते हैं, सबसे अधिक अत्याचार गरीबों और कमजोर वर्गों पर होता है। भाजपा सरकार ने ऐसे तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई कर आम जनता में सुरक्षा का विश्वास पैदा किया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। पहले बिजली के लिए लोगों को दिन-रात इंतजार करना पड़ता था। गांवों में इनवर्टर और जनरेटर पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन आज प्रदेश के सभी 75 जिलों में बिजली की बेहतर आपूर्ति सुनिश्चित करने का काम हुआ है। सड़कों का व्यापक विस्तार हुआ है। शिक्षा व्यवस्था में सुधार किया गया है और नकल माफियाओं पर अंकुश लगाया गया है। पहले गरीब परिवारों के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता था, लेकिन आज पारदर्शी व्यवस्था के माध्यम से युवाओं को रोजगार और आगे बढ़ने के अवसर मिल रहे हैं। आज हमारी प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक को बेहतर कानून-व्यवस्था, अच्छी सड़कें, स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त बिजली, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य की छवि से बाहर निकलकर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने विश्वकर्मा समाज को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृजन और निर्माण के प्रतीक हैं। यह अत्यंत गौरव का विषय है कि भगवान विश्वकर्मा की जयंती के दिन ही देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भी मनाया जाता है। विश्वकर्मा समाज देश और प्रदेश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला समाज है। समाज के लोग अपने हुनर, परिश्रम और कौशल से राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं। घर-परिवार से लेकर समाज और देश को जोड़ने में इस समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है। भगवान विश्वकर्मा के मानस पुत्रों को मैं नमन और अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं संचालित की हैं।

# उत्तर प्रदेश में लगाए जाएंगे दो न्यूक्लियर पावर प्लांट, सूबे में अदाणी समूह करेगा 1.80 लाख करोड़ का निवेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा, रक्षा उत्पादन और औद्योगिक क्षेत्र में बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। अदाणी समूह ने प्रदेश सरकार को दो परमाणु बिजलीघर स्थापित करने का प्रस्ताव भेजा है। दोनों परियोजनाओं पर करीब 1.80 लाख करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान है। अदाणी समूह की इसके अलावा कोल गैसीफिकेशन परियोजना के लिए करीब एक लाख करोड़ रुपये निवेश के निवेश की योजना है। अडानी समूह की इन परियोजनाओं से प्रदेश में बड़े पैमाने पर रोजगार के रास्ते खुलेंगे। लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र व दीक्षा समारोह में शामिल होने लखनऊ पहुंचे समूह के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट आनंद सिंह बिसेन ने बताया कि न्यूक्लियर पावर प्लांट स्थापित करने के लिए प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। एक परमाणु संयंत्र पर लगभग 90 हजार करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। समूह ने सरकार से उपयुक्त जमीन उपलब्ध



कराने की मांग की है। इसके लिए पानी की उपलब्धता वाला स्थान प्राथमिकता में रहेगा। कानपुर में तीन हजार करोड़ का प्रोपेलेंट प्लांट लगाने की तैयारी रक्षा उत्पादन क्षेत्र में कानपुर में गोला-बारूद निर्माण इकाई का विस्तार किया जाएगा। समूह करीब तीन हजार करोड़ रुपये के निवेश से प्रोपेलेंट निर्माण संयंत्र स्थापित करने की तैयारी में है। इसमें विभिन्न श्रेणियों के रक्षा उत्पादों के लिए इस्तेमाल होने वाले प्रोपेलेंट का उत्पादन किया जाएगा।

कानपुर में पहले से स्थापित गोला-बारूद संयंत्र में छोटे हथियारों के लिए गोलियां बनाई जा रही हैं, जबकि मध्यम और लंबी दूरी की श्रेणियों के उत्पादन की तैयारी भी चल रही है। समूह की एक लाख करोड़ रुपये की प्रस्तावित कोल गैसीफिकेशन परियोजना भी प्रदेश के लिए बड़ा निवेश साबित हो सकती है। इसके जरिये कोयले से ईंधन, अमोनिया, नाइट्रोजन और उर्वरक जैसे उत्पाद तैयार किए जाएंगे। आनंद सिंह का दावा है कि इससे आयात पर निर्भरता कम करने और देश में ही जरूरी औद्योगिक उत्पाद बनाने में मदद मिलेगी।

# डीएम ने व्यापारियों से की अपील, जनगणना में स्वगणना और मतदाता सूची में नाम जुड़वाने में निभाएं भूमिका



**फतेहपुर (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में व्यापार बंधुओं के साथ बैठक की।बैठक में डीएम ने व्यापारियों से जनगणना के द्वितीय चरण में https://se.census.gov.in पर ऑनलाइन माध्यम से स्वयं स्वगणना करने और अपने संपर्क में आने वाले नागरिकों को भी स्वगणना कराने की अपील की।उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल कराने में सकारात्मक भूमिका निभाएं, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रह जाए।इस मौके पर उपायुक्त राज्यकर, उपायुक्त उद्योग, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सदर व व्यापार बंधु मौजूद रहे।

# 'मिनी कुम्भ' गंगा मेला तिगरी-2026 का ऐतिहासिक एवं सकुशल समापन




**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद प्रशासन की दूरदर्शिता, बेहतर तालमेल और चाक-चौबंद व्यवस्थाओं के बीच उत्तर प्रदेश के सुप्रसिद्ध 'मिनी कुम्भ' गंगा मेला तिगरी-2026 का लाखों श्रद्धालुओं के आस्था के स्नान के साथ सकुशल समापन हो गया। लगभग 35 से 40 लाख श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद इस वर्ष का मेला अपने भव्य स्वरूप, पहली बार निर्मित पंटून पुल और 'जीरो वेस्ट' (कूड़ा व प्लास्टिक मुक्त) प्रबंधन के लिए ऐतिहासिक बन गया है। जनपद के गजरौला के समीप तिगरी धाम में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला यह पारंपरिक मेला इस वर्ष मुख्यमंत्री के विशेष दिशा-निदेर्शों और जिला प्रशासन के नवाचारों के कारण पहले से कहीं अधिक व्यापक रहा। जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व एवं मेला अधिकारी / अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) के प्रभावी प्रबंधन में पूरा आयोजन बिना किसी अव्यवस्था के संपन्न हुआ। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) द्वारा मेले की प्रमुख



व्यवस्थाओं के संचालन हेतु नामित नगर पालिका परिषद अमरोहा के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार नेअपनी टीम के साथ दिन-रात एक कर अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन किया। संपूर्ण मेला परिसर व स्नान घाटों की निरंतर सफाई, पर्याप्त संख्या में शौचालयों एवं चेंजिंग रूम के निर्माण से श्रद्धालुओं को विशेष सहूलियत मिली। मेला स्थल पर निर्मित विशाल मंच के प्रभारी के रूप में दिनेश कुमार के कुशल संयोजन में स्थानीय कलाकारों व स्कूली



बच्चों की प्रतिभा के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय और फिल्मी जगत की हस्तियों की प्रस्तुतियों ने मेले की भव्यता में चार चाँद लगा दिए। इसके अतिरिक्त, गंगा महाआरती और आकर्षक रेत की कलाकृतियां (सैंड आर्ट) श्रद्धालुओं के विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं।लाखों श्रद्धालुओं के आगमन के बावजूद मेला परिसर को गंदगी और प्रतिबंधित प्लास्टिक से मुक्त रखने के लिए जिला प्रशासन और नगर पालिका परिषद अमरोहा ने एक मिसाल पेश की। स्नान घाटों के समीप ही अस्थायी मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (MRF) सेंटर स्थापित कर मेले से निकलने वाले ठोस अपशिष्ट का मौके पर ही पृथक्करण किया गया और उपयोगी कचरे को प्रोसेसिंग हेतु अमरोहा सेंटर भेजा गया। इससे पूरे परिसर में कहीं भी कूड़े के ढेर या सिंगल यूज प्लास्टिक नजर नहीं आई। मेले को आधिकारिक रूप से 'सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री एवं गार्बेज फ्री मेला' प्रमाण पत्र दिलाने हेतु नियमानुसार आवेदन किया गया, जिसके क्रम में Institute of Sustainable Development, कुरुक्षेत्र की टीम द्वारा मेले का तृतीय पक्ष निरीक्षण (Third Party Inspection) भी संपन्न किया गया। माँ गंगा के आशीर्वाद, जिलाधिकारी के कुशल मार्गदर्शन और संपूर्ण प्रशासनिक अमले की प्रतिबद्धता से गंगा मेला तिगरी-2026 ने भविष्य के बड़े आयोजनों के लिए एक नया मानक स्थापित किया है।

# आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जुबिया रजा प्रथम

**संभल(सब का सपना):-** आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज संभल में गरिमा समाज सेवा समिति फाउंडेशन हापुड़ और कैंब्रिज अकैडमी ऑफ फॉरेन स्टडीज संभल के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य एवं शिक्षा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और समापन पर विजेताओं को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना शिक्षा का महत्व समझाना और सामान्य ज्ञान का स्तर मजबूत करना रहा। छात्राओं ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा दिखाई।प्रतियोगिता में जुबिया रजा ने प्रथम स्थान समरा



शहरयार ने द्वितीय स्थान और शिफा निशत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।पुरस्कार वितरण समारोह में गरिमा समाज सेवा समिति फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक मित्तल ने विजेता छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा समाज की उन्नति के मुख्य स्तंभ हैं। ऐसी प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों का मानसिक विकास होता है ज्ञान बढ़ता है और आत्मविश्वास मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वल भविष्य के लिए शिक्षा के साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी जरूरी है। प्रतियोगिता के संचालन और मार्गदर्शन में कैंब्रिज अकैडमी ऑफ फॉरेन स्टडीज की अध्यापिका मुस्कान का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या तजवर ने दोनों संस्थाओं का आभार जताया। उन्होंने आयोजन को छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी और प्रेरणादायक बताया तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम होने की उम्मीद जताई।

इस दौरान हसीन अख्तर साबिया खातून इमराना परवीन समेत शिक्षक स्टाफ और छात्राएं मौजूद रहीं।

# परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलरों की पहल से तीन बिछड़े परिवारों में हुआ समझौता

**चन्दौसी/संभल (सब का सपना):-** जनपद के पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी के आदेश और अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण मनोज रावत व क्षेत्राधिकारी यातायात स्तुति सिंह के कुशल निर्देशन में संचालित पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक महत्वपूर्ण बैठक गौशाला रोड स्थित पिंक चौकी चंदौसी में संपन्न हुई। परामर्श केंद्र प्रभारी एवं महिला थानाध्यक्ष डॉ. रुकम पाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पति और पत्नी के मध्य चल रहे आपसी मतभेदों व पारिवारिक विवादों को आपसी बातचीत और



काउंसलिंग के माध्यम से सुलझाना था। बैठक के दौरान दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और काउंसलरों के विशेष सहयोग से उनके बीच व्याप्त गलतफहमियों को दूर कर सुलह समझौते के आधार पर मामलों को निस्तारित करने का सार्थक प्रयास किया गया। इस कार्यवाही में कुल 14 पत्रावलियों पर सुनवाई की गई जिनमें से 5 पत्रावलियों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया और आपसी सहमति बनने के बाद 3 बिछड़े हुए परिवारों को पुनः एक साथ रहने के लिए राजी कर मिलवाया गया। इसके अतिरिक्त आवेदक द्वारा पैरवी न किए जाने यानी बल न दिए जाने और अन्य तकनीकी कारणों से 2 पत्रावलियों को बंद कर दिया गया जबकि शेष मामलों में अगली तारीख दी गई। इस पूरे आयोजन के दौरान काउंसलर श्वेता गुप्ता और पूनम अरोरा के साथ सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार व हेड कांस्टेबल मनोहर सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# नियम तोड़ने वालों पर चला पुलिस का डंडा, छह लाख से अधिक का जुमार्ना

**सम्भल(सब का सपना):-** जनपद में यातायात माह नवम्बर के तहत बुधवार को सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से यातायात पुलिस और प्रवर्तन टीमों ने सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक सम्भल विकास चन्द्र त्रिपाठी के निर्देशन में जनपद के प्रमुख चौराहों, मुख्य मार्गों और महत्वपूर्ण स्थानों पर वाहनों की जांच की गई। अभियान के दौरान ओवरलोड वाहनों, निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां बैठाकर चलने वाले वाहनों तथा बिना वैध परमिट और आवश्यक दस्तावेजों के संचालित वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके साथ ही ऑटो और ई-रिक्शा में लगे अवैध पायदान भी



हटवाए गए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। पुलिस की ओर से जारी कार्रवाई के आंकड़ों के अनुसार अभियान में कुल 463 वाहनों के चालान किए गए, जबकि 15 ऑटो और ई-रिक्शा सीज किए गए। इंटरसेप्टर के माध्यम से 154 चालान किए गए तथा यातायात नियमों के उल्लंघन पर कुल 6 लाख 4 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। इसके अलावा ऑटो और ई-रिक्शा से एक अवैध पायदान हटवाया गया। वहीं यातायात पुलिस की टीम ने स्कूलों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। बच्चों को हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने, निर्धारित गति में वाहन चलाने तथा सड़क पर सावधानी बरतने की जानकारी दी गई। जनपद पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि निर्धारित क्षमता से अधिक सवारियां न बैठाएं, तेज गति से वाहन न चलाएं और वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के लिए नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चेकिंग एवं कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 65 जोड़ों का विवाह संपन्न







**सम्भल(सब का सपना):-** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में 25 नवंबर को कुरकावली स्थित एके रिसोर्ट में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के निर्देशन और मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की उपस्थिति में 65 जोड़ों का विवाह पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम स्थल पर पारंपरिक गीतों और हर्षोल्लास के माहौल में सभी नवदंपतियों ने एक-दूजे का हाथ थामा। समारोह की सबसे खास बात यह रही कि यहां सर्वधर्म समभाव और सामाजिक समरसता की अनूठी झलक देखने को मिली। एक ही पंडाल के नीचे 35 हिंदू जोड़ों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सात फेरे लिए और 30 मुस्लिम जोड़ों का मौलवियों द्वारा निकाह पढ़ाया गया। इस आयोजन में जनपद के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के परिवारों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें विकासखंड सम्भल से सबसे अधिक 26 जोड़े और विकासखंड असमोली से 21 जोड़े शामिल हुए। इसके अतिरिक्त नगर पालिका परिषद सम्भल से 11 जोड़े तथा नगर पंचायत सिरसी से 04 और नगर पालिका परिषद चन्दौसी से 03 जोड़ों का विवाह कराया गया। शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को कुल एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता और उपहार का लाभ प्रदान किया गया है। निर्धारित व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक जोड़े में से 64 हजार रुपये की धनराशि सीधे कन्या के बैंक खाते में हस्तांतरित की गई है ताकि वह अपना गृहस्थ जीवन सुचारू रूप से शुरू कर सके। इसके साथ ही प्रत्येक जोड़े को गृहस्थी के उपयोग के लिए 21 हजार रुपये की उपहार सामग्री भेंट की गई है और 15 हजार रुपये प्रति जोड़ा विवाह समारोह के भोजन व अन्य व्यवस्थाओं पर व्यय किए गए हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा की जिला महामंत्री शिल्पी गुप्ता मौजूद रहीं और उन्होंने नवदंपतियों को सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया। प्रशासनिक व्यवस्थाओं को संभालने के लिए

जिला समाज कल्याण अधिकारी तिनेज कुमार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस मौके पर मौजूद रहे। इसके साथ ही सम्भल और असमोली के खंड विकास अधिकारी तथा सम्भल और चन्दौसी नगर पालिका व सिरसी नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों सहित अन्य संबंधित कर्मचारी और स्थानीय गणमान्य लोग भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति फेज-6.0 : सभी थानों में महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक







**फतेहपुर (सब का सपना):-** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मिशन शक्ति / एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं, बालिकाओं व आमजन को महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के बारे में जानकारी दी। ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद किया गया और उनकी समस्याओं के त्वरित व विधिपूर्ण निस्तारण का भरोसा दिलाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम, अधिकारों की रक्षा और आत्मरक्षा के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 और http://cybercrime.gov.in पोर्टल की जानकारी देकर इनके उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

# बच्चों की सुनने की क्षमता की होगी नि:शुल्क जांच, सप्ताह में चार दिन मिलेगी सुविधा

**सम्भल(सब का सपना):** जनपद में जिलाधिकारी के कुशल निर्देशन में बुधवार को श्री सिद्धि विनायक मेडिकल कॉलेज, सम्भल के ईएनटी विभाग में ऑडियोमेट्री सुविधा का शुभारम्भ किया गया। इस सुविधा के शुरू होने से जनपद के बच्चों को बहरेपन की जांच के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निदेर्शानुसार डॉ. मनोज कुमार, नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। इस सुविधा के अंतर्गत शून्य से दो वर्ष तक के सभी बच्चों की



बहरेपन की जांच पूरी तरह नि:शुल्क की जाएगी। इसके अलावा दो से 15 वर्ष तक के ऐसे बच्चों को भी नि:शुल्क जांच की सुविधा मिलेगी, जिन्हें सुनने में परेशानी या बहरेपन की समस्या है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार ऑडियोमेट्री जांच की सुविधा सप्ताह में चार दिन उपलब्ध रहेगी। इसके लिए सोमवार, बुधवार, शुक्रवार एवं शनिवार का दिन निर्धारित किया गया है। इस सुविधा के शुरू होने से बच्चों में सुनने की क्षमता से जुड़ी समस्याओं की समय रहते पहचान हो सकेगी और जरूरत के अनुसार आगे उपचार कराने में मदद मिलेगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि यदि उनके बच्चों को सुनने में किसी प्रकार की परेशानी है तो वे इस नि:शुल्क सुविधा का लाभ उठाएं।

# एनिमल राहत द्वारा कुत्तों की नसबंदी एवं टीकाकरण का लगाया गया शिविर

**स्याना /बुलंदशहर (सब का सपना):-** गाँव बिगराऊ में एनिमल राहत संस्था एवं ग्राम पंचायत के सहयोग से कुत्तों की नसबंदी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आवारा कुत्तों (नर एवं मादा) को पकड़कर उनकी नसबंदी एवं टीकाकरण (एंटी रेबीज वैक्सीनेशन) एनिमल राहत संस्था द्वारा किया जा रहा है। यह कार्यक्रम ग्रामवासियों एवं कुत्तों, दोनों के लिए लाभकारी है। नसबंदी एवं टीकाकरण के कारण कुत्तों की अनियंत्रित संख्या में वृद्धि रुकती है और उनका स्वभाव शांत होता है, जिससे उनकी मनुष्यों एवं पालतू जानवरों को काटने की प्रवृत्ति कम होती है। नसबंदी के बाद



कुत्तों का स्वभाव शांत होने से उनके आपस में लड़ाई-झगड़े कम हो जाते हैं। साथ ही, जननांग संबंधी बीमारियों की संभावना भी कम हो जाती है। नसबंदी के कारण कुत्तों में बच्चे (पिल्ले) पैदा नहीं होते, जिससे नवजात पिल्लों की दुर्घटनाओं एवं भूख के कारण होने वाली अकाल मृत्यु की समस्या से भी निजात मिलती है। कुत्तों की संख्या को नियंत्रित रखने के लिए नसबंदी ही एक मानवीय एवं कानूनी तरीका है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बिगराऊ के ग्राम प्रधान दानवीर सिंह एवं ग्रामवासियों का विशेष सहयोग एनिमल राहत संस्था को प्राप्त हो रहा है।

कार्यक्रम के पहले दो दिनों में ही 40 कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है। इस कार्यक्रम में एनिमल राहत संस्था की ओर से डॉ. राकेश चित्तोरा, डॉ. मेराज अहमद, डॉ. सुरेन्द्र, रिंकू कुमार, ओमपाल सिंह, शुभम कश्यप, रवि कुमार, प्रभात कुमार, सोमवीर सिंह एवं राकेश कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# नशे के अवैध कारोबार पर प्रशासन सख्त, मेडिकल स्टोरों पर सीसीटीवी लगाना अनिवार्य

***एनकार्ड की बैठक में एडीएम ने दिए छापेमारी अभियान तेज करने के निर्देश, स्कूलों में बनेंगे प्रहरी क्लब***





**बहजोई/सम्भल(सब का सपना):-** जनपद में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशन एवं अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह की अध्यक्षता में एक युद्ध नशे के विरुद्ध एवं नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एनकार्ड (NCORD) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में मादक पदार्थों की रोकथाम, नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने तथा युवाओं और विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने को लेकर समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को मादक पदार्थों की बिक्री और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सघन जांच एवं छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी मेडिकल स्टोरों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के साथ ही नशा विरोधी और तंबाकू निषेध जागरूकता पोस्टर लगवाना अनिवार्य बताया।उन्होंने विद्यालयों में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के लिए प्रहरी क्लब एवं प्रहरी शिक्षक नामित करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों और किशोरों को नशे से बचाने के लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से विशेष अभियान चलाने को कहा। एडीएम ने ढाबों, होटलों, दुकानों और मेडिकल स्टोरों पर की गई छापेमारी की रिपोर्ट अलग-अलग तैयार करने तथा रोड चेकिंग के दौरान जांचे गए वाहनों और कार्रवाई का पूरा विवरण समीक्षा बुकलेट में शामिल करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी पंकज कुमार बिश्नोई, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा, जिला आबकारी अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# हुसैनगंज में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन की मौत, एसपी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**फतेहपुर (सब का सपना):-** थाना हुसैनगंज क्षेत्र में चांदीपुर के आगे असनी की तरफ मंगलवार को ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु



मांगलिक ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व थाना प्रभारी को दुर्घटना में शामिल अज्ञात वाहन के बारे में जानकारी जुटाकर आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## गढ़मुक्तेश्वर कार्तिक पूर्णिमा मेला सकुशल संपन्न होने पर डीआईजी रेंज ने पुलिसकर्मियों व मीडिया की प्रशंसा कर जताया आभार





**हापुड़ (सब का सपना):-** मेरठ रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक कलानिधि नैथानी ने गढ़मुक्तेश्वर के गढ़ गंगा मेला सकुशल संपन्न होने पर अपने वरिष्ठ अधिकारियों, मीडिया बंधु एवं समाज से जुड़े सभी संभ्रांत पदाधिकारी व व्यक्तियों, मेला समिति पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। मेले में लगे सभी ने टीम भावना से पूरा आयोजन संपादित किया है। उपरोक्त में सिविल पुलिस के साथ-साथ, सशस्त्र पुलिस, पीएसी, एलआईयू, मेला सैल, होमगार्ड, प्रांतीय रक्षक दल, ग्राम प्रहरी, घुड़सवार पुलिस, एनडी आरएफ, एसडीआरएफ, एटीएस, जल पुलिस, फायर सर्विस, यातायात पुलिस, वायरलेस विभाग, बाढ़ राहत कंपनी आदि सभी विंग ने कंधे से कंधा मिलाकर उत्कृष्ट समन्वय का प्रदर्शन किया है, जो अत्यंत सराहनीय रहा है। वर्ष 2026 का कार्तिक पूर्णिमा वृद्ध मेला जनपद में डीएम / एसपी के उत्कृष्ट कार्य से शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है। इस महा उत्सव के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और यह सब पुलिस एवं प्रशासन द्वारा की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं और अधिकारियों / कर्मचारियों के अथक प्रयासों से ही संभव हो पाया है। मेला आयोजन के दौरान सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित की गईं, यह अधिकारियों की कड़ी मेहनत, समर्पण और कुशल नेतृत्व का ही परिणाम है। इस वर्ष गढ़ गंगा मेला की खास बात - गढ़ गंगा एवं तिगरी मेले को जोड़ने हेतु पहली बार निर्मित पीपा पुल का अमरोहा पुलिस के सामंजस्य से सफल नियंत्रण किया गया, जिसका लोगों ने भरपूर प्रयोग कर दोनों ओर के मेलों का आनंद लिया। इंटरनेट पर आधारित आईपी कैमरे एवं ड्रोन कैमरा का भरपूर प्रयोग किया गया। नावों पर लाइफ जैकेट की उपलब्धता अनिवार्य की गई। परिलक्षित हुई समस्याओं को कम समय में सुगम बना दिया गया।वृहद मेला आयोजन के दौरान रात्रि में विशेष तौर से पुलिस को काफी अलर्ट रखा गया, जिसमें समस्त अधिकारी भी स्वयं भ्रमणशील रहे। सोशल मीडिया पर निगरानी हेतु एडवांस्ड सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया गया, जिससे कहीं पर भी कोई अफवाह एवं अराजकता नहीं फैली। रेंज पुलिस का मुरादाबाद रेंज व गाजियाबाद एवं दिल्ली व नोएडा ट्रैफिक पुलिस से बेहतरीन समन्वय रहा।

## बिलाई मिल के क्रय केंद्र पर दो कुंतल की घटतौली पकड़ी, किसानों में रोष

### सिखेड़ा नवादा क्रय केंद्र पर किसानों ने पकड़ी गड़बड़ी, अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर की कांटे की जांच



**बिजनौर (सब का सपना):-** जनपद के बिलाई चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र सिखेड़ा नवादा पर गन्ने की तौल में घटतौली का मामला सामने आया है। किसानों ने गन्ने की तौल में गड़बड़ी पकड़ते हुए विरोध जताया। किसानों के अनुसार, गन्ने से भरी ट्राली की तौल कराने पर करीब दो कुंतल का अंतर पाया गया। इसको लेकर क्रय केंद्र पर हंगामे की स्थिति बन गई। मामले की सूचना मिलने पर चीनी मिल के अधिकारी और एससीडीआई बिजनौर मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने क्रय केंद्र पर लगे कांटे की जांच की और मिल के खिलाफ कार्रवाई की। इस घटना के बाद किसानों में रोष व्याप्त है।किसानों ने सभी गन्ना उत्पादकों से अपील की है कि वे अपने-अपने गन्ना क्रय केंद्रों पर कांटे की जांच करने के बाद ही गन्ने की तौल कराएं, ताकि किसी प्रकार की घटतौली न हो सके। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि गन्ना क्रय केंद्रों पर घटतौली पर शीघ्र अंकुश नहीं लगाया गया तो आंदोलन किया जाएगा। उनका कहना है कि किसानों की मेहनत की कमाई पर किसी भी कीमत पर डाका नहीं डालने दिया जाएगा और घटतौली किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों ने प्रदेश के गन्ना क्रय केंद्रों पर घटतौली के मामलों के लिए शासन-प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने मांग की कि सभी क्रय केंद्रों के कांटों की नियमित जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## नूरपुर में पुरानी रंजिश के चलते युवक की तलवार से हमला कर हत्या का आरोप, भाई को भी पीटा

### गुरुद्वारे के कार्यक्रम में जाने पर दी गई थी जान से मारने की धमकी, पांच लोगों सहित अज्ञात हमलावरों पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में दी तहरीर





**नूरपुर/बिजनौर (सब का सपना):-** थाना नूरपुर क्षेत्र के मोहल्ला गोविंद नगर में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर धारदार हथियारों से हमला कर हत्या किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने युवक को घेरकर तलवार और चाकू से हमला किया, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे उसके भाई के साथ भी जमकर मारपीट की गई। घटना में भाई के दांत टूटने और शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आने की बात कही गई है। मामले में पीड़ित गुरचरण सिंह ने थाना नूरपुर में नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाने में दी गई तहरीर के अनुसार, ग्राम रोशनपुर राहूनंगली निवासी गुरचरण सिंह का आरोप है कि तीन दिन पूर्व गुरुद्वारे के प्रधान जसपाल सिंह के माध्यम से उन्हें सूचना मिली थी कि गुरुदेव सिंह, रजत सिंह, सरजीत सिंह, मनजीत सिंह पवार सहित अन्य लोगों ने धमकी दी थी कि यदि वह और उनका भाई अरवेंद्र सिंह पूरन 24 नवंबर को गुरुद्वारे के कार्यक्रम में आए तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। आरोप है कि धमकी देने वालों ने पहले भी उनकी माता को मरवाने की बात कही थी। तहरीर में बताया गया कि 24 नवंबर की रात करीब नौ बजे उनका भाई अरवेंद्र सिंह पूरन मोहल्ला गोविंद नगर में इकबाल सिंह पुत्र सूरज सिंह को खाना देकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान पीपल के पेड़ के नीचे पहले से घात लगाए बैठे हरवेंद्र सिंह, परवेंद्र सिंह, सरजीत सिंह और दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों के हाथों में चाकू और तलवारें थीं। इसके बाद आरोपियों ने दोनों भाइयों के साथ मारपीट शुरू कर दी। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि हमलावरों ने अरवेंद्र सिंह को पकड़कर तलवार से गर्दन पर वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हमले में गुरचरण सिंह के दांत टूट गए और शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आईं।
पीड़ित का आरोप है कि घटना के बाद मौके पर काफी लोग एकत्र हो गए। हमलावर जाते समय भी धमकी देकर गए कि एक को तो मार दिया है, दूसरे को मौका मिलते ही मार देंगे। पीड़ित ने स्वयं और अपने परिवार की जान-माल को खतरा बताते हुए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस की कार्रवाई के संबंध में जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी ।

## नगीना में छुट्टा गोवंश की दुर्दशा, कूड़े के ढेर में भोजन तलाश रही गायें

### सरकारी गौशालाओं पर करोड़ों खर्च होने के बावजूद सड़कों पर भटक रहे गोवंश, जिम्मेदार विभागों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल



**नगीना/बिजनौर (सब का सपना):-** प्रदेश सरकार छुट्टा गोवंश की देखभाल और संरक्षण के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है। नगर पालिका और ग्रामीण क्षेत्रों में गौशालाओं का निर्माण कराने के साथ ही गोवंश के चारे और देखभाल के लिए भी बजट उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके बावजूद नगीना नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में छुट्टा गोवंश की समस्या लगातार बनी हुई है। हालात यह हैं कि पशु मालिक दूध देना बंद करने पर गायों और उनके बछड़ों को सड़कों तथा जंगलों में खुला छोड़ रहे हैं। मजबूरन ये गोवंश सर्दी के मौसम में सड़कों पर पड़े कूड़े और पन्नियों के ढेर में अपने पेट की भूख मिटाने के लिए भोजन तलाशते नजर आ रहे हैं। नगीना की सड़कों पर छुट्टा गायों को गंदगी के ढेरों में मुंह मारते देखना आम हो गया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में ये गोवंश किसानों की खेतों में खड़ी हरी-भरी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। रात के समय सड़कों पर घूमने वाले छुट्टा गोवंश वाहन चालकों के लिए भी खतरा बने हुए हैं। अंधेरे में अचानक सड़क पर आ जाने से कई बार दुर्घटनाएं हो जाती हैं और वाहन चालक घायल होकर अस्पताल पहुंच जाते हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि सरकार गोवंश संरक्षण के लिए गौशालाओं पर भारी-भरकम धनराशि खर्च कर रही है, लेकिन संबंधित विभागों के अधिकारियों की उदासीनता के चलते जमीनी स्तर पर इसका अपेक्षित लाभ दिखाई नहीं दे रहा है। न तो गोवंश को खुले में छोड़ने वाले पशु मालिकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई हो रही है और न ही सड़कों पर घूम रहे गोवंश को सुरक्षित गौशालाओं तक पहुंचाने की व्यवस्था दिखाई दे रही है।
लोगों ने सवाल उठाया है कि आखिर गौशालाओं में गोवंश की देखभाल और उनके चारे पर खर्च होने वाला सरकारी धन कहां जा रहा है? यदि जिलाधिकारी और उपजिलाधिकारी स्तर से गौशालाओं में रखे गए गोवंश की संख्या, उनके चारे, देखभाल और सरकारी बजट के खर्च की निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई खामियां सामने आ सकती हैं।
क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि छुट्टा गोवंश की समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। साथ ही पशु मालिकों द्वारा गायों को बेसहारा छोड़ने पर कार्रवाई की जाए, ताकि गोवंश को सड़कों और कूड़े के ढेरों में भटकने से बचाया जा सके और किसानों तथा वाहन चालकों को भी इस समस्या से निजात मिल सके।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई खेल प्रतिभा

### 17 न्याय पंचायतों के परिषदीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने लिया प्रतिभाग, विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित



**नगीना/बिजनौर (सब का सपना):-** जनपद के विकासखंड कोतवाली के परिषदीय विद्यालयों की ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन पीडीएम डिग्री कॉलेज पुरैनी के खेल मैदान में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड की 17 न्याय पंचायतों के परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विकास राजपूत तथा कोतवाली ब्लॉक के नवागत खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। इसके बाद विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।व्यायाम शिक्षक राहुल ठाकुर एवं अनुदेशकों के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिताओं में दौड़, वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद सहित विभिन्न खेलों में प्राथमिक एवं जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए। जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में ऋतिक, 200 मीटर में कार्तिक तथा 400 मीटर दौड़ में अश्विनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका वर्ग की 100 एवं 200 मीटर दौड़ में निक्की तथा 400 मीटर दौड़ में जिया और सुधा ने प्रथम स्थान हासिल किया। प्राथमिक बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ में आशी, 100 मीटर में दीक्षिका, 200 मीटर में इकरा तथा 400 मीटर दौड़ में निर्जला प्रथम रहीं। प्राथमिक बालक वर्ग की 50 मीटर दौड़ में शौर्य, 100 मीटर में देव, 200 मीटर में युवराज तथा 400 मीटर दौड़ में शौर्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद प्राथमिक बालिका वर्ग में निर्जला तथा बालक वर्ग में देव ने बाजी मारी। खो-खो प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय सराय डुडुम्बर तथा मनव्वरपुर सैद की टीमों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।समापन अवसर पर मुख्य अतिथि विकास राजपूत एवं खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विकास राजपूत ने कहा कि खेलकूद से केवल शरीर ही नहीं, बल्कि मन और मस्तिष्क का भी विकास होता है। स्वस्थ व्यक्ति ही समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को ऐसे आयोजनों के माध्यम से आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलों में अनुशासन, मेहनत और टीम भावना का विशेष महत्व है। खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार की अध्यक्षता एवं वरिष्ठ शिक्षक अशोक कुमार के संचालन में आयोजित प्रतियोगिता में पीडीएम डिग्री कॉलेज के प्राचार्य आरपी शर्मा, प्रबंधक आरएन सिंह, पंकज सिंह, भूपेंद्र सिंह, विनोद चौहान एडवोकेट, डॉ. विनोद शर्मा, व्यायाम शिक्षक राहुल ठाकुर, अटेवा जिलाध्यक्ष उमेश राजपूत, ब्लॉक अध्यक्ष गर्वित चौधरी, जूनियर ब्लॉक अध्यक्ष यशपाल सिंह, मनीष राणा, परवेज आदिल, हिमांशु राजपूत, अमजद अली, ओमकार सिंह, वारिस सलीम, राशि शर्मा, कामिनी दिवाकर, रश्मि शर्मा, मधुरिका गुप्ता, मीनाक्षी चौधरी, सचिन कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## पुलिस ने पटाखे की आवाज निकालने वाला साइलेंसर लगी बुलेट की सीज



**नहटौर/बिजनौर (सब का सपना):-** सड़क पर पटाखे जैसी तेज आवाज निकालने वाले साइलेंसर लगी बुलेट बाइक को पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़कर सीज कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से अन्य वाहन चालकों में भी खलबली मची रही। थानाध्यक्ष विरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस क्षेत्र में वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बुलेट बाइक को रोककर जांच की गई। बाइक में पटाखे जैसी तेज आवाज निकालने वाला साइलेंसर लगा हुआ था। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बाइक को सीज कर दिया। बाइक नगर निवासी एक युवक की बताई गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहनों में तेज आवाज करने वाले प्रतिबंधित साइलेंसर लगाकर चलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से हार्वेस्टर मशीन के सहायक की मौत





**असोथर/फतेहपुर (सब का सपना):-** जनपद के असोथर थाना क्षेत्र के मुराइन मोहल्ले के पास आज खेत में खड़े हार्वेस्टर की सफाई करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से सहायक की मौत हो गई। रामपुर जिले के सिंधपुरा गांव निवासी करनदीप सिंह (18) हार्वेस्टर चालक के सहायक के रूप में काम करता था। मंगलवार को वह साथियों के साथ धान कटाई के लिए असोथर आया था। खेत में खड़ी मशीन पर चढ़कर सफाई करते समय गुजररी हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह झुलसकर नीचे गिर पड़ा। झुलसने से करनदीप को साथी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष राजीव मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि देने वाले तीन किसानों को किया सम्मानित

### तहसीलदार स्वयं पहुंचे किसानों के घर, विकास परियोजना में योगदान की सराहना कर बढ़ाया उत्साह



**नजीबाबाद/बिजनौर (सब का सपना):-** गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए अपनी कृषि भूमि देने वाले ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा निवासी तीन किसानों को तहसील प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। किसानों के योगदान की सराहना करने के लिए तहसीलदार अंकित गिरी स्वयं उनके घर पहुंचे और उन्हें सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा निवासी भीम सिंह, उनके पुत्र राजा सिंह तथा पुत्री रेणु ने गंगा एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए अपनी-अपनी 0.040 हेक्टेयर कृषि भूमि का बैनामा कराया है। तीनों किसानों की भूमि का बैनामा नजीबाबाद स्थित रजिस्ट्री कार्यालय में संपन्न हुआ। इस दौरान उप निबंधक राजीव कुमार भारती, रजिस्ट्रार कानूनगो अरुण कुमार, क्षेत्रीय लेखपाल दीपक कुमार, साकिब, निबंधन सहायक परमानंद सैनी और अर्दली प्रमोद कुमार मौजूद रहे।बैनामा प्रक्रिया पूरी होने के बाद तहसीलदार अंकित गिरी किसानों के घर पहुंचे और तीनों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र और प्रदेश के विकास में किसानों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।
विकास परियोजनाओं के लिए अपनी भूमि उपलब्ध कराना सराहनीय योगदान है। ऐसे किसान वास्तव में सम्मान के पात्र हैं। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण से क्षेत्र में आवागमन सुगम होगा और विकास के नए अवसर पैदा होंगे। इसके साथ ही रोजगार के अवसर बढ़ने तथा आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त डायरी

### निपुण मूल्यांकन के लिए डीएलएड प्रशिक्षुओं को देंगे ट्रेनिंग

एजेंसी

**नोएडा।** जिले के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ रहे छात्रों का निपुण मूल्यांकन करने वाले डीएलएड के प्रशिक्षुओं को पहले इसके लिए ट्रेनिंग दी जाएगी। 25 नवंबर से 15 दिसंबर तक यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें डीएलएड के प्रशिक्षुओं को यह समझाया जाएगा कि उन्हें हर छात्र और विद्यालय का किस तरह मूल्यांकन करना है। बीएसए और डायट प्राचार्य को मिले निर्देश में कहा गया है कि स्कूलों में छात्रों का निपुण मूल्यांकन 21 से 30 दिसंबर व 20 से 30 जनवरी 2027 तक किया जाएगा।

### नियम तोड़ने पर 12 गाड़ियां जब्त

एजेंसी

**नोएडा।** यातायात पुलिस ने मंगलवार को जिले में जांच अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने मिले 7033 वाहनों के ई-चालान गए। इसके अलावा 12 गाड़ियां जब्त की गईं। हेलमेट न लगाने पर सर्वाधिक 2454 चालान किए गए। विशेष अभियान में नो पार्किंग के कारण 715, बिना सीट बेल्ट 183, लालबत्ती के उल्लंघन पर 260, बिना डीएल 147, तेज गति में गाड़ी चलाने के कारण 396 और मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने की वजह से 61 गाड़ियों के चालान किए गए।

### नकद में सिर्फ 25 हजार रुपये का बिजली बिल भर सकेंगे

एजेंसी

**नोएडा।** विद्युत निगम के बिलिंग काउटरों पर अब 25 हजार रुपये तक का बिल ही नकद में जमा हो सकेगा। विद्युत निगम ने यह नई व्यवस्था लागू कर दी है। अब तक उपभोक्ता दो लाख रुपये तक बिल नकद में जमा कर सकते थे। जिले में 60 प्रतिशत उपभोक्ता नकद में बिल जमा करते हैं। इसमें 35 प्रतिशत से अधिक उपभोक्ताओं का मासिक बिल औसतन 25 हजार रुपये से ज्यादा का आता है। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार अगर किसी उपभोक्ता का बिजली का बिल 40 हजार रुपये आया तो वह बिलिंग काउंटर पर केवल 25 हजार रुपये ही नकद में जमा कर सकेगा। शेष 15 हजार रुपये ऑनलाइन जमा करने पड़ेंगे। ऐसे में उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ जाएगी।

### कंपनी से घर जा रहे युवक से मोबाइल फोन छीना

एजेंसी

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाशों ने कंपनी से घर जा रहे एक युवक से मोबाइल फोन छीन लिया। पुलिस ने केस दर्जकर जांच शुरू कर दी है। वाजिदपुर गांव स्थित रॉयल स्टोन पीजी में रहने वाले पलाश चौधरी ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-65 स्थित एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। वह रोजाना कंपनी जाते हैं। छह नवंबर की शाम वह ऑफिस से घर जा रहे थे। जब वह सेक्टर-63 के डी ब्लॉक में पहुंचे तो उनके मोबाइल पर किसी परिचित की कॉल आ गई। वह पैदल चलते हुए उनसे बात करने लगे, तभी पीछे से बाइक पर सवार होकर दो बदमाश आए और उनमें से पीछे बैठे एक बदमाश ने मोबाइल फोन छीन लिया। उन्होंने शोर मचाते हुए पीछा किया, लेकिन बदमाश भागने में सफल रहे। उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से बदमाशों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### मावी को चुनाव समिति की जिम्मेदारी सौंपी

एजेंसी

**नोएडा।** सेक्टर डेल्टा-2 में आगामी आरडब्ल्यूए चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मंगलवार को आरडब्ल्यूए कार्यकारिणी की एक बैठक अध्यक्ष बॉबी भाटी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी चुनाव की प्रक्रिया को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से राज सिंह मावी को चुनाव समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके साथ ही निर्णय लिया गया कि आगामी चुनाव से संबंधित कार्यक्रम और चुनाव की सभी तिथियों की घोषणा चुनाव समिति के अध्यक्ष राज सिंह मावी द्वारा की जाएगी। आरडब्ल्यूए कार्यकारिणी ने सेक्टरवासियों से चुनाव प्रक्रिया को सुचारू व व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में सहयोग करने की अपील की है।

### कबड्डी प्रतियोगिता के लिए तीन खिलाड़ी चयनित

एजेंसी

**नोएडा।** जिला स्तरीय सीनियर पुरुष वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। मंगलवार को मलकपुर खेल स्टेडियम में प्रदर्शन के आधार पर तीन खिलाड़ियों का चयन मंडल स्तरीय ट्रायल के लिए किया गया। प्रभारी जिला खेल अधिकारी डॉ. परवेज अली ने बताया कि सभी चयनित खिलाड़ी 25 नवंबर को होने वाले मंडल स्तरीय चयन ट्रायल में भाग लेंगे। चयनित खिलाड़ियों में प्रवेश कुमार, हर्षित भारद्वाज और अक्षित तोमर शामिल हैं। मंडल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश स्तर पर होने वाली आगामी प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा।

### कमरे से युवक का लैपटॉप-मोबाइल फोन चोरी

एजेंसी

**नोएडा।** फेज-3 थाना क्षेत्र स्थित एक अपार्टमेंट के कमरे से युवक का मोबाइल फोन और लैपटॉप चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने घटना के करीब एक माह बाद थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। शिकायतकर्ता कृष्णकांत ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-66 स्थित मामूरा गांव की गली नंबर-7 में रॉयल अपार्टमेंट में किराये पर रहते हैं। 25 अक्तूबर की सुबह करीब सात बजे उनकी नींद खुली थी। उस समय कमरे में मोबाइल और लैपटॉप रखे थे। उन्होंने कमरे का दरवाजा खोला। कुछ देर बाद वह दोबारा सो गए। इस बार करीब नौ बजे जब वह सोकर उठे तो कमरे में मोबाइल फोन और लैपटॉप नहीं था। शिकायतकर्ता का कहना है कि अज्ञात व्यक्ति उनके कमरे में घुसा और चोरी करके फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। अपार्टमेंट और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से चोर को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

### सनातनी संस्कारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया

एजेंसी

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन के विवेकानंद प्रतिभा विकास केंद्र साकीपुर में मंगलवार को राष्ट्र रक्षा यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों ने सनातनी संस्कारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम केंद्र संरक्षक लेखपाल भाटी के नेतृत्व में आयोजित किया गया। केंद्र संचालिका भारती ने संस्कार पक्ष संपन्न करवाते हुए बालकों और प्रतिभागियों को ब्रह्मनाद, गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, पुरुषार्थ जागरण मंत्र, त्रिदेव नवग्रह स्तुति मंत्र, भारत वंदन मंत्र, सरस्वती मंत्र, प्राणायाम और आसन करवाए। वहीं, पूर्वी संभाग प्रमुख भारत ने सनातनी संस्कारों को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्र रक्षा यज्ञ में दुली चंद नागर, शिव नरेश पांडे, राजेंद्र सोनी, नरवीर बिष्ट, प्रो. विवेक कुमार, डॉ. नीरज कौशिक, राज कुमार चौरसिया सहित 100 से अधिक अभिभावक, समिति सदस्य तथा बच्चों की उपस्थिति रही।

# वैश्य समाज के बाद ब्राह्मण समाज महासंघ ने भी कांग्रेस नेता निखिल सिंघल को दिया समर्थन, सौंपा पत्र

एजेंसी

**नोएडा।** कांग्रेस नेता एवं नोएडा हाईराइज फेडरेशन के अध्यक्ष निखिल सिंघल को अब वैश्य समाज के बाद ब्राह्मण समाज महासंघ का भी समर्थन मिला है। ब्राह्मण समाज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश मिश्रा ने निखिल सिंघल को अपना समर्थन देने की घोषणा करते हुए उन्हें औपचारिक रूप से समर्थन पत्र भी सौंपा है। कांग्रेस नेता एवं नोएडा हाईराइज फेडरेशन के अध्यक्ष निखिल सिंघल को अब वैश्य समाज के बाद ब्राह्मण समाज महासंघ का भी समर्थन मिला है। ब्राह्मण समाज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश मिश्रा ने निखिल सिंघल को अपना समर्थन देने की घोषणा करते हुए उन्हें औपचारिक रूप से समर्थन पत्र भी सौंपा है। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश मिश्रा ने कहा कि निखिल सिंघल लंबे समय से नोएडा के आम नागरिकों, फ्लैट खरीदारों और सोसायटियों से जुड़े मुद्दों को उठाते रहे हैं। उनकी सक्रियता और जनसमस्याओं के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए हमने उन्हें अपना समर्थन देने का निर्णय लिया है। नोएडा के विकास, जनहित और नागरिकों के अधिकारों के लिए काम करने वाले युवाओं को आगे आने का अवसर मिलना चाहिए। गौरतलब है कि इससे पहले अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासंगठन के अध्यक्ष विनय अग्रवाल के नेतृत्व में वैश्य समाज के प्रतिनिधियों ने भी निखिल सिंघल के समर्थन में अपनी बात रखी थी और कांग्रेस नेतृत्व से उन्हें नोएडा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाए जाने की मांग की थी। अब ब्राह्मण समाज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश मिश्रा द्वारा समर्थन पत्र सौंपे जाने के बाद निखिल सिंघल को लेकर सामाजिक और राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। निखिल सिंघल पिछले कई वर्षों से नोएडा में फ्लैट रजिस्ट्री, बिल्डर समस्याओं, हाईराइज निवासियों के अधिकारों, मेट्रो विस्तार और बुनियादी सुविधाओं के मुद्दों को उठाते रहे हैं। कांग्रेस में शामिल होने के बाद उन्होंने गांवों, सेक्टरों और हाईराइज सोसायटियों में जनसंपर्क अभियान भी शुरू कर दिया है। वैश्य समाज के बाद ब्राह्मण समाज का समर्थन और औपचारिक समर्थन पत्र, 2027 के नोएडा विधानसभा चुनाव से पहले निखिल सिंघल को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज।



## बिना परमिट दौड़ते 225 यात्री वाहनों पर कार्रवाई




एजेंसी

**नोएडा।** जिले में अवैध रूप से संचालित हो रहे और नियमों की अवहेलना कर रहे यात्री वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। पिछले छह महीनों के दौरान परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीमों द्वारा चलाए गए विशेष जांच अभियानों में बिना वैध परमिट के सड़कों पर दौड़ रहे 225 यात्री वाहनों को पकड़ा गया है। इसके साथ ही, परमिट की शर्तों का उल्लंघन करने वाले 507 से अधिक वाहनों पर कार्रवाई की गई है। एआरटीओ प्रवर्तन डॉ.उदित नारायण पांडे ने कहा कि जिले के प्रमुख मार्गों, एक्सप्रेसवे और बस डिपो के आसपास लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान कई यात्री वाहन बिना परमिट के सवारियां ढोते हुए पाए गए। इसके अलावा, बड़ी संख्या में ऐसे वाहन भी पकड़े गए जिनके पास परमिट तो था, लेकिन वे निर्धारित रूट, क्षमता या अन्य परमिट शर्तों का उल्लंघन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल 2026 से 31 अक्तूबर 2026 तक चलाए गए जांच अभियान में 732 सवारी वाहनों के चालान किए गए हैं। इनमें से कुल बंद वाहनों की संख्या 525 है।

# वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए निगम ने शुरू किया विशेष अभियान

एजेंसी

**गुरुग्राम।** शहर में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए निगम ने सड़कों की धुलाई के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। निगम की टीमें प्रमुख मार्गों, व्यस्त चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर सफाई व प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े कार्यों में जुटी हुई हैं। इसी कड़ी में एंटी-स्मॉग गन का संचालन, बस स्टॉप की मशीनों से धुलाई और सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ चालान कार्रवाई की जा रही है। वायु प्रदूषण पर नियंत्रण और हवा में मौजूद धूल के कणों को कम करने के उद्देश्य से नगर निगम की ओर से हीरो होंडा चौक, श्याम बाबा चौक, उमंग भारद्वाज चौक और मेदांता रोड सहित अन्य क्षेत्रों में एंटी-स्मॉग गन लगातार चलाई जा रही हैं। इन मशीनों के संचालन से वातावरण में धूल के कणों को नियंत्रित करने और वायु गुणवत्ता में सुधार के प्रयासों को गति मिल रही है। बस स्टॉप व फुटपाथों की मशीनों से धुलाई, धूम्रपान पर चालान स्थलों को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए निगम की टीम द्वारा बस स्टॉप और फुटपाथों की विशेष सफाई व मशीनों से धुलाई की जा रही है, ताकि बसों का इंतजार करने वाले यात्रियों को साफ-सुथरा माहौल मिल सके। इसके साथ ही निगम आयुक्त डॉ. पंकज के निदेर्शानुसार नो-स्मोकिंग जोन के नियमों का उल्लंघन कर सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने वालों के खिलाफ भी प्रवर्तन अभियान के तहत चालान कार्रवाई की जा रही है। इसका उद्देश्य बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी को तंबाकू के धुएं के दुष्प्रभावों से बचाना है। नागरिकों से स्वच्छता व प्रदूषण नियंत्रण में सहयोग की अपील निगम आयुक्त डॉ. पंकज ने शहरवासियों से अपील की है कि वह गुरुग्राम को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाने में सक्रिय सहयोग दें। उन्होंने नागरिकों से खुले में कचरा न जलाने, सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान न करने, कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालने और स्वच्छता नियमों का पालन करने का आग्रह किया है, ताकि निगम के प्रयासों को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।



## राज्य रोल बॉल चैंपियनशिप के लिए टीम घोषित

एजेंसी

**नोएडा।** फिरोजाबाद में 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक होने वाली 17वीं मिनी और 18वीं सीनियर उत्तर प्रदेश स्टेट रोल बॉल चैंपियनशिप के लिए जिले की टीम घोषित की गई है। यह प्रतियोगिता रोल बॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश और रोल बॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन फिरोजाबाद की संयुक्त देखरेख में हो रही है। इसमें विभिन्न जिलों के खिलाड़ी भाग लेंगे। जिला रोल बॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहित दलगीर और महासचिव रजनीकांत ठाकुर ने बताया कि गौतमबुद्धनगर की बालक व बालिका वर्ग की टीम प्रतियोगिता में भाग लेगी। इन टीमों का अभ्यास शिविर 26 से 28 नवंबर तक समसारा द वर्ल्ड अकादमी में लगाया जाएगा। अंडर-11 बालक वर्ग में स्नितिक प्रताप सिंह, रूद्र रौथाण, दिव्यांश पांडेय, सात्विक आर्य, डिवीत कपूर, आदित्य त्यागी, रोहिताक्ष सिंघल, रुद्रांश राज, अक्षज पराशर, धुर्वीत गोयल, परीक्षित ठाकुर व युवराज पांडेय का चयन किया गया है। वहीं, अंडर-11 बालिका वर्ग में अमायरा बंसल, अनैशा चौहान, स्वस्तिक मित्तल, अद्विका गुप्ता, सोनम चौधरी, प्राणवी गोयल, अनया गुप्ता, भूमि चौहान, अम्बिका मनकोटिया, सानवी भाटी, अवांशी कौशिक ने जगह बनाई है। सीनियर बालक वर्ग में मिलिंद शर्मा, रोहन चौहान, आशीष, ऋषभ सारस्वत, श्रेयस सिंह, विक्की गौतम, ध्रुव गोयल, अनुज रावल, शिवम् वर्मा, यश नगर और सीनियर बालिका वर्ग में विधि बंसल, डिजा नरूला, दक्षा देवल, तनिष्का तंवर, आरोही चिरनिया शामिल हैं। बता दें कि पिछले वर्ष अंडर-11 बालक वर्ग में जिले की टीम पहले स्थान पर और बालिका वर्ग में दूसरे स्थान पर रही थी। वहीं, सीनियर बालक वर्ग की टीम तीसरे स्थान पर थी।



## घर में पूजा करने के लिए अगरबत्ती जलाते समय लगी थी आग

एजेंसी

**नोएडा।** जेवर के दयानतपुर गांव में सोमवार की शाम वीरपाल के घर में आग लगने का कारण पूजा के लिए अगरबत्ती जलाना बताया गया है। घर में रखे सिलेंडर से गैस का रिसाव हो रहा था। इसी बीच आग तेजी से पूरे घर में फैल गई। तेज धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। उस समय पिता-पुत्र एक कमरे में थे, जिससे दोनों की जलकर मौत हो गई। हालांकि, फॉरेंसिक टीम घर में आग लगने के सही कारण का पता लग रही है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्रामीणों ने बताया कि घर में रखे सिलेंडर से गैस का रिसाव हो रहा था। सोमवार की शाम घर में पूजा करने के लिए वीरपाल ने अगरबत्ती जलाई थी। कमरे में पहले से गैस फैली हुई थी। इस बीच तेजी के साथ आग फैली और सिलेंडर तक पहुंच गई। पूरे घर को आग ने चपेट में ले लिया, जिस कमरे में पूजा के लिए मंदिर बना है, वहां पहले से वीरपाल का बेटा अभिषेक सोया हुआ था। कमरे में मौजूद वीरपाल और उनके बेटे अभिषेक की आग में झुलस कर मौत हो गई। दोनों को कमरे से बाहर निकलने का मौका नहीं मिला। कमरे से कुछ दूर अभिषेक की पत्नी काजल लड्डू बना रही थी, जबकि मासूम बच्चा भी काजल के नजदीक बैठा था। वे दोनों भी आग में झुलस गए। अभिषेक की पत्नी काजल और दो साल के मासूम आदित्य का अस्पताल में इलाज चल रहा है। ग्रेटर नोएडा के एडीसीपी संतोष कुमार ने बताया ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला है कि घर में अगरबत्ती जलाते समय आग लगी थी। हालांकि, फॉरेंसिक टीम इसकी जांच कर रही है। विशेषज्ञों की टीम ने घर से कुछ साक्ष्य जुटाए हैं, ताकि आग लगने का सही कारण पता चल पाएगा। घर में आग लगने के बाद पूरे घर की बिजली गुल हो गई, जिससे घर में अंधेरा छा गया। ग्रामीणों ने मोबाइल की टॉर्च जलाकर उजाला किया और मोटर चलाकर पानी की बौछार कर आग बुझाई। घर का सामान जलकर राख हो गया। किसी तरह आग पर काबू पाया गया। इसके बाद अंदर कमरे से पिता-पुत्र को बाहर निकाला गया। हालांकि, ग्रामीणों ने घर में मौजूद एक महिला और उसके मासूम को किसी तरह बाहर निकाल कर उनकी जान बचाई।



# कार्तिक मास समापन पर मंदिरों में हुए धार्मिक आयोजन

एजेंसी

**नोएडा।** कार्तिक पूर्णिमा पर मंगलवार को शहर के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति का के साथ धार्मिक आयोजन हुए। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना, दीपदान और हवन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों में भजन-कीर्तन के साथ भंडारे और प्रसाद वितरण के आयोजन हुए। सेक्टर-33 स्थित इस्कॉन मंदिर, सेक्टर-121 स्थित जगन्नाथ मंदिर, सेक्टर-62 स्थित विनायक मंदिर और सेक्टर-19 स्थित सनातन धर्म मंदिर समेत शहर के विभिन्न मंदिरों में दिनभर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। सेक्टर-33 स्थित इस्कॉन मंदिर में एक महीने से चल रहे दीपदान महोत्सव का मंगलवार को समापन हुआ। इस मौके पर मंदिर परिसर में बनाए गए दामोदर महल में महोत्सव के अंतिम दिन भी दीपों का दान किया गया। मंदिर की जनसंपर्क अधिकारी प्रतिमा ताह ने बताया कि कार्तिक मास के अंतिम दिन श्रद्धालुओं ने दीपदान कर भगवान के दर्शन किए। परिसर में दिनभर भजन-कीर्तन, पाठ और पूजा-अर्चना हुई। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, मंदिर के पदाधिकारी और पुजारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां सभी के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई। सेक्टर-121 स्थित जगन्नाथ मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा की परंपरा के अनुसार कुंड में नाव तैराई गई। मंदिर परिसर के पास बने 15 फीट चौड़े और 20 फीट लंबे कुंड में श्रद्धालुओं ने केले के पत्तों, कागज और लकड़ी की नाव बनाकर तैराई। इसके अलावा परिसर में पूजा-पाठ और श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जहा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद बहल ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा पर हर वर्ष यह परंपरा निभाई जाती है। वहीं, सेक्टर-19 स्थित सनातन धर्म मंदिर में कार्तिक पूर्णिमा पर लक्ष्मी पूजा और हवन किया गया। साथ ही परिसर में दिनभर भजन-कीर्तन हुए। मंदिर के सेवादार हरिंद्र दुबे ने बताया कि इस उपलक्ष्य में परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, और आसपास के लोगों को भी प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही सेक्टर-62 स्थित विनायक मंदिर में भी दीपोत्सव मनाया गया, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर पर्व दिपोत्सव पर्व मनाया। मंदिर के सेवादार एस. वैंकटेश ने बताया कि इस उपलक्ष्य में परिसर को 1500 से अधिक दीपों से सजाया गया। इसके अलावा शहर के अन्य मंदिरों में भी पूजा-अर्चना और दीपदान के कार्यक्रम हुए। अरावली अपार्टमेंट में देव दीपावली सेक्टर-34 स्थित अरावली अपार्टमेंट में भी कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीपावली मनाई गई। जहां सोसाइटी के संट्रल पार्क में बने कुंड में चार धाम समेत देश के प्रमुख तीर्थस्थलों पर पवित्र चल मिलाया गया। इसमें गंगासागर, केदारनाथ, हरिद्वार, प्रयागराज, काशी और नर्मदा नदी का जल भी शामिल किया गया। मंगलवार को श्रद्धालुओं ने कुंड में पूजा-अर्चना और आरती के बाद दीपदान किया। शंख ध्वनि के बीच पूरा परिसर दीपों से जगमगा उठा। इस दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, भीम सिंह राउत और संजय आचार्य समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



# 10 स्किन फ्रेंडली टिप्स फॉर ऑफिस

**1.** अपनी डेस्क पर पानी की बोतल हमेशा रखें ताकि आपको याद रहे कि आपको रेगुलर पानी पीते रहना है। ऑफिस में काम करने वाले अधिकतर लोग डिहाइड्रेशन की समस्या जूझते हैं क्योंकि वे अपने काम में इतना रम जाते हैं कि उन्हें अपने शरीर की मांग का पता नहीं चल पाता। यही फर्क स्किन पर भी दिखता है।



**2.** आपका दिमाग सुचारू रूप से काम करता रहे, इसके लिए आप कॉफी का साथ नहीं छोड़ते। आपकी डेस्क पर कॉफी का कप हमेशा रहता है तो आपके लिए घबराने वाली बात है। कॉफी से बेहतर है कि आप चाय पिएं लेकिन यह भी सही मात्रा में। दरअसल चाय में स्किन फ्रेंडली एंटिऑक्सिडेंट्स होते हैं।

**3.** ब्यूटी एक्सपर्ट विघा टिकारी के अनुसार, अपने चेहरे को लंच टाइम पर पानी से धो डालिए। आधे घंटे बिना मेकअप के रहिए, स्किन को सांस लेने दीजिए। संभव हो तो फेस वॉश साथ रखिए, इससे अपने चेहरे का मेकअप हटा डालिए। याद रखिए कि मेकअप त्वचा के रोमछिद्रों को बंद कर देता है और ब्लैकहेड्स/एक्ने को बढ़ाता है।

**4.** यदि आपके बैठने की जगह खिड़की के पास है और वहां ब्लाइंड्स लगे हैं तो ध्यान रखिए कि आपने सनस्क्रीन चेहरे पर लगाया हो। भले ही आपके चेहरे पर सूरज की रोशनी सीधी न पड़ रही हो पर इससे भी स्किन टैन तो होती ही है।

**5.** एयरकंडीशन आपकी स्किन के मॉयश्चर को चुराता है। यदि एसी सीधे आपकी आर है तो उसे टर्न कर दीजिए। अपने ड्रॉअर में मॉयश्चराइजर रखिए, इसे हर दो-तीन घंटे पर अपनी खुली स्किन पर अप्लाई कीजिए।

**6.** यदि आप लंबे समय तक सीट बैठे हैं तो अपने पैर को खुली हवा में सांस तो लेने दीजिए। जूते/सैंडिल उतार दीजिए। यदि आपके पैर लंबे समय तक बंद रहते हैं तो फंगल फूट इंफेक्शन होने की आशंका रहती है।

**7.** ज्यादा देर तक कंप्यूटर स्क्रीन की आर देखते मत रहिए। स्क्रीन से आने वाली अल्ट्रावॉयलेट किरणें स्किन को टैन करती हैं और आंखों के नीचे डार्क सिंकल बनाती हैं। बेहतर होगा कि कंप्यूटर पर एंटीग्लेयर कोटिग हो। सनस्क्रीन का प्रयोग करना चाहिए और बीच-बीच में अपनी आंखे स्क्रीन पर से हटाते रहिए।

**8.** यदि आप कोई दवा ले रहे हैं तो उसे छोड़िए मत। ऐसा बिल्कुल नहीं होना चाहिए कि लंबे समय तक काम करने के चक्कर में आप अपनी दवा लेना भूल जाएं।

**9.** लंच ब्रेक या टी ब्रेक के समय सिगरेट पीने वालों के ग्रुप से दूर रहिए। ऐसा नहीं कि आप तो सिगरेट नहीं पीते लेकिन इन लोगों के साथ हंसी-ठट्ठा करने के लिए इनके साथ शामिल हो जाते हैं।

**10.** लंच में बिना ड्रेसिग वाली सलाद खाएं। हरी पत्तेदार सलाद और टमाटर इसमें जरूर शामिल हो। इनमें खूब मिनरल और विटामिन होते हैं जो स्किन के लिए अच्छा है, कहती हैं डाइटीशियन इति भल्ला। अपने बैग में एक फ्रूट जरूर कैरी करें और इसे खाएं भी।

## सजावट सलाद की

**हमारे** भोजन में सलाद का महत्त्वपूर्ण स्थान हैं। क्योंकि सलाद पौष्टिकता से भरपूर होता हैं। सलाद में मूली, गाजर, ककड़ी, विविध प्रकार के फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, बींस, धीनया, पूदीना, पार्सले, दालों व चने का उपयोग किया जा सकता हैं।

- सलाद का नियमित सेवन करने से कब्ज जैसी बीमारी से छुटकारा मिल जाता हैं।
- सलाद खाने से आंखों की ज्योति बरकरार रहती हैं। और चेहरे पर चमक आती हैं।
- सलाद पचने में आसान होता हैं। तथा कैलोरी की मात्रा कम होने से इस का भरपूर सेवन किया जा सकता हैं।
- सलाद की ड्रेसिंग के लिए ज्यादातर तेल का प्रयोग किया जाता है। लेकिन यदि आप तेल का प्रयोग न करना चाहें तो स्किम्ड मिल्क के दही की सौस या विविध फलों के गूदों से बनी सौस का प्रयोग कर के सलाद को रूचिकर बना सकते हैं।
- सलाद को सजाने के लिए सिरका, नींबू का रस, मस्टर्ड चटनी, नमक व कालीमिर्च का प्रयोग करते हैं। भुने सफेद तिल,भुनी मूंगफली व भुनी चने का प्रयोग कर के सलाद की गुणवत्ता को कई गुना बढ़ाया जा सकता हैं।

## कोथम्बीर वड़ी



**सामग्री:** 1 कप बेसन, 1/2 कप बारीककटी हुई हरी धनिया, 2 टेबलस्पून तेल, 4-6 लहसुन बारीक कटा हुआ, 3-4 हरी मिर्च बारीक कटी हुई, 1/4 कप भूनी व दरदरी कूटी हुई मूंगफली, 1 टीस्पून शक्कर, नमक स्वादानुसार, तलने के लिए तेल।

**विधि:** तेल गर्म करके लहसुन व हरी मिर्च डालें। पानी, नमक व शक्कर डालकर उबालें, फिर बेसन डालकर चलाएं। मूंगफली व कटी हुई हरी धनिया डालकर मिला लें। जब मिश्रण गाढ़ा होने लगे तब चिकनाई लगी थाली में डालकर फैला लें और ठंडा होने दें। मनचाहे आकार में काट लें और गरम तेल में फ्राई करें।

# फैशनेबल हैरम पैंट्स



**जमाना** अब एक्सपेरिमेंटल का है, तभी तो युवा अपने कपड़ों में भी एक्सपेरिमेंट कर रहे हैं, इसी की देन है हैरम पैंट जो कि युवतियों की अब खास पसंद बन गई है। युवतियां गैर परंपरागत ड्रेस को अधिक तवज्जे दे रही हैं जिसमें उनका लुक बिल्कुल ही अपरंपरागत लगता है।

हैरम पैंट्स फ्लेयर पैंट्स है तो कि बॉट्म से बिल्कुल संकरी होती है। यह फैशनेबल तो है ही, साथ ही आरामदायक भी है। कुछ देशों में बैले नृत्य हैरम पैंट्स पहन कर ही किया जाता है क्योंकि इस डांस में कमर और हिप्स के मूवमेंट्स होते हैं जो कि इस पैंट में साफ झलकते हैं। भारतीय युवतियों के बीच सूट-सलवार काफी प्रचलित है और उनके लिए हैरम पैंट्स काफी उपयोगी साबित होगी। फैशन डिजाइनर कविता भरतिया कहती हैं, आजकल टाइट कपड़े फैशन में नहीं है बल्कि बैलून ड्रेस यानी फूली हुई ड्रेस फैशन में है, इसमें ड्रेस बाजू और बॉट्म से गुब्बारेनुमा फूली हुई होती है। जो काफी स्टाइलिश दिखती है और इसी की तर्ज पर हैरम पैंट्स भी फैशन में है। पुराने समय में सैनिक इस तरह की पैंट्स पहनते थे जोकि बॉट्म से फूली हुई होती थी। हैरम पैंट्स कोई लेटेस्ट फैशन नहीं है बल्कि यह 70 और 80 के दशक का फैशन है। उसका परिष्कृत रूप है। पहले जो हैरम पैंट्स पहनी जाती थी वे लंबी कुर्ती के साथ पहनी जाती थी। मगर अब लड़कियां हैरम पैंट्स टीशर्ट, बैकलेस टॉप और हैंगिग टॉप के साथ पहन रही हैं जोकि हैरम पैंट्स का मॉडर्न लुक है। हैरम पैंट्स में फिगर बहुत ही आकर्षक लगती है, अगर आप अपनी कमर को हाईलाइट करना चाहती है तो पैंट्स पर बैल्ट भी लगा सकती है।

जिन लड़कियों के चौड़े हिप्स होते हैं, उनके लिए यह ड्रेस बहुत ही उपयुक्त है, क्योंकि इस ड्रेस में चौड़े हिप्स छिप जाते हैं और फिगर बहुत ही आकर्षक लगती है। आप सरोजनी नगर मार्केट और जनपथ मार्केट में हैरम पैंट्स खरीद सकते हैं, जिनकी कीमत 250 रूपये से शुरू है। अगर आप पार्टी या डिस्कोथेक में जा रहे हैं तो थाई कट्स हैरम पैंट्स पहन सकते हैं, जिस पर सिल्कवर व गोल्डन थ्रेड से वर्क किया है। इसके अलावा क्रिस्टल व स्टोन वर्क भी है और यह कई फ्रैबिक में उपलब्ध है जिसमें सॉटन, कॉटन, जॉर्जट हैं। अगर आप कमर को हाईलाइट करना चाहते हैं तो चौड़ी बैल्ट लगायें। हैरम पैंट्स बॉट्म से एकदम संकरी होती है इसलिए इस पर पर कोल्हापुरी चप्पल या जूतियां पहनें।

# टाई को नहीं कह सकते गुडबाय



**टाई** की क्वालिटी आपकी पसंद और सेंस को बताती है। यूं तो मार्केट में कई मैटीरियल की टाई उपलब्ध है लेकिन सिल्क और वूल-ब्लेंडेड टाई हर तरह की शर्ट और सूट के साथ मैच करती है। टाई को खरीदते समय हमेशा उसे छूकर महसूस करें, वह सॉफ्ट और स्मूद होनी चाहिए। बेहतरीन और बढ़िया क्वालिटी की टाई दो पीसेज में नहीं बल्कि तीन पीसेज में सिली होती है। यही नहीं, टाई का पतला छोर चौड़े छोर के पीछे के बिल्कुल बीच में आता है। उस टाई को मत खरीदिए, जिसमें हाथों पर लपेटने से सिलवटें पड़ जाएं।

**रंग और पैटर्न**

टाई की खरीदारी में उसका रंग अहम स्थान रखता है। ब्लैक और व्हाइट कलर की शर्ट के साथ हर रंग की टाई चल जाती है। यदि ऐसा नहीं है तो फिर कंट्रास्ट सही रहता है लेकिन यह ध्यान रखना जरूरी है कि शर्ट के पैटर्न से टाई का पैटर्न मैच करना चाहिए, न कि विपरीत हो। यदि शर्ट का पैटर्न और कलर सॉफ्ट है तो बोल्ड कलर की टाई भी अच्छी लगती है लेकिन यदि शर्ट ब्राइट कलर की है तो टाई सोबर होनी चाहिए। चाहें तो शर्ट या सूट के पैटर्न या कलर से मैच करती टाई भी खरीदी जा सकती है। वैसे देखा जाए तो यलो, रेड, सिल्वर, ब्लू कलर की टाई ब्लैक कलर के सूट के साथ गजब ढाती है। ग्रे या ब्लू कलर के सूट के साथ उसी कलर की टाई जमती है। स्पेशल मीटिंग में दो रंग की सिंपल टाई अच्छी लगती है।

**लंबाई और चौड़ाई**

टाई की नॉर्मल चौड़ाई 3.25 इंच है और लंबाई 54 इंच। लेकिन लंबे लोगों पर 60 इंच की लंबाई वाली टाई जमती है। वैसे फैशन ट्रेंड बदलता भी रहता है। नॉट इस तरह से बांधी जानी चाहिए कि टाई बेल्ट के ऊपर ही खत्म हो जाए। आइडियली तो आधी इंच टाई बेल्ट पर लटकी होनी चाहिए। टाई की चौड़ाई व्यक्ति के शरीर पर निर्भर करती है। यदि व्यक्ति मोटा है तो चौड़ी टाई सही लगती है लेकिन यदि व्यक्ति पतला है तो टाई पतली ही होनी चाहिए।

**नॉट**

ऑफिस या बिजनेस मीटिंग में छोटी नॉट अच्छी लगती हैं। इसे बांधने में समय भी कम लगता है। यदि व्यक्ति लंबा है तो उसे लंबी टाई की जरूरत पड़ती है। लंबे-चौड़े व्यक्ति को विंडसर स्टाइल नॉट बांधनी चाहिए, जो अधिक ट्रेडिशनल है। यह बो की तरह गले पर बंधी नजर आती है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ

कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-6-9

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा

यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा। शुभांक-4-7-9

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो

लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-3-5

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे

दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। शुभांक-2-6-8

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-3-7-8

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते

शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू

आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-6-8

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर** — मे जा जी खी खू खे खो गा गी

समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7


**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा

मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

## काकुरो पहेली - 4079




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

| | 11 | 1 | 2 | 3 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7 | 1+2+3+4+5+6=21 | | | |
| 2 | | 1+2+3+4+5+7=22 | | | |
| 4 | | 3+5+6+7+8+9=38 | | | |
| | | 4+5+6+7+8+9=39 | | | |

**काकुरो - 4078 का हल**



## हंसी के फव्वारें

ज्यादातर फिल्में शादी होने का दृश्य दिखाकर ही क्यों खत्म हो जाती हैं ?

ताकि शादी के बाद के दुखद दृश्य न देखने पड़ें.

नर्स, मैं तुमसे बेहद प्यार करता हूँ, मैं अब अच्छा नहीं होना चाहता.

नर्स बोली-तुम अब अच्छे हो भी नहीं सकते क्योंकि डॉक्टर भी मुझसे प्रेम करता है और उसने मुझे तुमसे प्यार करते हुए देख लिया है.

▯ ▯ ▯

अविवाहिता-क्या तुम अपनी किसी सबसे बड़ी बेवकूफी का प्रमाण दे सकते हो?

अविवाहित-तुमने प्यार कर लिया, यह क्या छोटा प्रमाण है?

▯ ▯ ▯

सुनीता-पता नहीं इस बार साड़ियों के कौन-कौन से नये डिजाइन निकलेंगे ?

मोहन-वही दो ! एक जो तुम्हें पसन्द नहीं आयेगा. दूसरा वह जिसे खरीदने के लिए मेरे पास रुपये नहीं होंगे.


▯ ▯ ▯

एक पति ने अपनी घरवाली से पूछा-युधिष्ठिर भी जुआ खेले थे, फिर तू मुझे क्यों रोकती है ?

घरवाली ने कहा -नहीं रोकूंगी, लेकिन याद रखना कि द्रौपदी के भी पांच पति थे.

▯ ▯ ▯

## फिल्म वर्ग पहेली- 4079



**बायें से दायें:-**

१. 'ये तारा वो तारा' गीत वाली आशुतोष गोवारीकर की फिल्म-३
३. 'तुम्हें अपना बनाने की' गीत वाली संजयदत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
५. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली जतिन ग्रेवाल, नेहा की फिल्म-३
८. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'रामजी की निरली सवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली ऋषिकपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१०. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'कन्हैया कन्हैया तुझे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली अमिताभ, रवीना, नंदिता की फिल्म-२
१२. अमिताभ, जीनत की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'दिन सारा गुजारा' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'वो शाम कुछ अजीब थी' गीत वाली राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
१९. आमिर, जूही, ममता की 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'रिफ्यूजी' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-३
२४. अक्षयकुमार, करीना की 'दिल ले गया परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'बहारों फूल बरसाओ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२८. किशोरकुमार की 'एक चतुर नार करके सिंगार' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'फिर वही चांद वही गम' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-३
३०. डिनो, बिपाशा की 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कैसे कटे दिन कैसे' गीत वाली राजेश, गोविंदा, जूही की फिल्म-२
२. अमिताभ, जयाप्रदा की 'मंजिलें अपनी जगह हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'तेरे नाम' में नायक कौन था-४,२
४. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
५. काहे कोयल शोर, मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
६. जीतेंद्र, लीना चंदावरकार की 'तूने तूने ओ सनम' गीत वाली फिल्म-४
९. 'है मुबारक आज का' गीत वाली मिथुन चक्रवर्ती, रति की फिल्म-३
११. संजय दत्त, अनिता की 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'हम तुम को निगाहो' गीत वाली सलमान, अरबाज, शिल्पा की फिल्म-२
१६. राजकपूर, वहीदा रहमान की 'सजन रे झूठ मत बोलो' गीत वाली फिल्म-३,३
१८. फिल्म 'मिस ४२०' में नायिका कौन थी-२
२०. सनी देओल, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'तू धरती पे चाहे जहाँ' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-२
२३. अजय देवगन, अमीषा पटेल की 'प्यार तो होता है प्यार' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'मेरे अंगने में तुम्हारा' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
२६. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की 'एक बगिया में रहती है' गीत वाली फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली- 4078**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | हु | ल | | ना | | गै | ब | ल | र |
| जा | | | घा | य | ल | | द | | न |
| औ | ला | द | | ब | गा | व | त | | |
| र | | स | त्या | | न | | मी | ना | क्षी |
| रं | गी | ला | | टी | | अ | ज | य | |
| क | | ख | ल | ना | य | क | | क | था |
| | दो | | की | | | ल | क्ष्य | | ने |
| खू | ब | सू | र | त | | मं | | दा | दा |
| | द | | | ला | | द | स | | र |
| डॉ | न | | रे | श | नी | | नी | तू | |

## सूडोकु -4079


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -4078 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## शब्द पहेली - 4079



**बाएँ से दाएँ**


1. पावर हाऊस -5
4. दिमागी,कल्पित-4
7. हृदय-2
8. खोदना-3
9. प्रचार वाक्य,स्लोगन-2
10. नुकीला-4
11. कलिका-2
13. प्यारा,लाडला-3
14. विशिष्ट,विशेष-2
15. खर्च,उपभोग-3
17. नौका-2
19. नाम करण-2,3
22. चमकीला-5
25. महोदय (अंग्रेजी-2)
26. रनिवास,जनवासा-3
28. संध्या,सांझ-2
29. दलना,महीन करना-3
30. जस,सम्मान -2
32. कारागृह-4
34. आलाप,लय,सुर-2
36. पागल स्त्री-3
37. इंकार,मना-2
38. सराबोर,सना हुआ -4
39. वेश्या,तवायफ-5

**ऊपर से नीचे**

1. चूहे का घर-2
2. नेता-3
3. सार-संभार-2,3
4. आदर्श,कसौटी-3
5. छाती-2
6. अचरज भरा कार्य-4
7. हृदय को ठेस लगना-5
10. अनवरत वर्षा-4
12. जूं का अंडा-2
16. ओट,घूंघट-3
17. मां के पिता-2
18. दुख,कष्ट-2
20. राष्ट्रीय पक्षी-3
21. पत्र,लैटर-2
22. गुप्तचर,दूत-2
23. कपड़ों के टुकड़े (अंग्रेजी-4)
24. स्वानगी, प्रस्थान करना-3,2
25. समयुगीन,समवर्ती-5
26. बंद,स्ट्राइक-4
27. सुरा,शराब-2
31. वचन,प्रतिज्ञा-3
33. बंदर-3
35. नथनी,नथिया-2
37. शहद-2

**शब्द पहेली -4078 का हल**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | स | | म | न | | रा | ख | | फां | श |
| म | न | न | | शा | न | | र | न | | क |
| | म | क | र | | त | न | | र | म | |
| का | | ल | ह | जा | | भ | ला | | द | म |
| या | क | | ना | ति | न | | वा | द | | जं |
| | र | वा | | य | म | ज | | म | जा | |
| न | | दा | स | | क | त | रा | | र | मा |
| ब | न | | ही | ना | | न | ज | र | | ला |
| | ल | त | | ज | रा | | न | म | न | |
| का | | न | शा | | त | र | | ल | क | वा |
| ल | क्ष्य | | क | जं | | ध | ल | | ल | न |



# अहमद खान की फिल्म से करूंगा कमबैक, शाहरुख ने भी बढ़ाया मदद का हाथ

बदहाल हालत में चर्चा में आना भले ही अच्छी बात न हो, लेकिन अभिनेता शरद कपूर के लिए हालिया सुर्खियां उम्मीद की नई किरण लेकर आई हैं। अपने डॉग्स के रेस्क्यू की अपील को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल हुए 'जोश' फेम शरद की मदद के लिए अब कई हाथ आगे आए हैं। उनकी सेहत, आर्थिक स्थिति और काम दिलाने को लेकर लोग पहल कर रहे हैं। हम जब खार स्थित उनके निवास स्थान पर पहुंचे, तो घर की तरह शरद की हालत भी खस्ता नजर आई, लेकिन उनसे मिलकर अच्छा लगा। 'स्वाभिमान', 'दस्तक', 'तमन्ना', 'जोश', 'खौफ', 'लक्ष्य' और 'नो मीन्स नो' जैसी फिल्मों में नजर आ चुके शरद से बातचीत में एक बात साफ महसूस हुई कि जिंदगी और करियर के मुश्किल दौर ने उनके भीतर की सकारात्मकता को कम नहीं किया है। तमाम परेशानियों के बावजूद उन्होंने अपनी मुस्कान और जीने का जज्बा बरकरार रखा है। मिठाई ऑफर करते हुए शरद ने बातचीत की शुरुआत में ही अपनापन बना लिया। मुस्कुराते हुए बोले, 'मैं मीठे का बहुत शौकीन हूं। थोड़ा टेंशन हो तो बॉडी में शुगर डाल दो, एनर्जी आ जाएगी। मेरे लिए मीठा एनर्जी का बड़ा सोर्स है। हमने उनसे पूछा कि वॉकर के सहारे चलते और बदहाल आर्थिक स्थिति में देखकर लोग उनकी सेहत को लेकर चिंतित हो गए थे। फिर डॉग्स के रेस्क्यू की उनकी गुहार वायरल हुई, तो सोशल मीडिया पर जैसे भूचाल आ गया। इस पर शरद ने कहा, 'लोगों का मेरे प्रति बहुत प्यार है। मीडिया ने भी मुझे काफी सपोर्ट किया। दरअसल, मेरे डॉग्स चले गए थे और मेरा पैर भी चोटिल हो गया था। इसके बाद मैं बहुत उदास हो गया था। बट, अब कमबैक कर रहा हूं। मैंने दो-तीन फिल्में साइन की हैं। अभी शुरुआती दौर है, इसलिए उनके बारे में बाद में अनाउंसमेंट करूंगा। फिलहाल अहमद खान की फिल्म से कमबैक करने जा रहा हूं, जिसमें मेरा नेगेटिव रोल होगा। भविष्य में जो भी किरदार मुझे अपील करेगा, मैं जरूर करूंगा। अब मैं काफी हद तक ठीक हूं। मुझे आर्थिक मदद की जरूरत है और कई लोग मदद के लिए आगे भी आए हैं। मैं उन सभी का स्वागत करता हूं।'

हाल ही में सोनू सूद मददगार बनकर शरद से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने उनके पैर की चोट के इलाज के लिए डॉक्टरों की टीम और मेडिकल सुविधाओं का इंतजाम कराया। सोनू के प्रति आभार जताते हुए शरद कहते हैं, 'मैं सोनू सूद भाई का दिल से आभारी हूं। अपनी हेल्थ केयर के लिए कर्जत जा रहा हूं। वहां सोनू भाई के दोस्त का हेल्थ केयर सेंटर है। उन्होंने ही मेरे इलाज का सारा इंतजाम करवाया है। वे बेहद दयालु इंसान हैं। मैं वहां भर्ती हो जाऊंगा और पूरी तरह फिट होकर जल्द लौटूंगा।'

## थोड़ा हिल गया था, काम करने का मन नहीं करता था

'स्वाभिमान' जैसे सीरियल से करियर शुरू करने वाले शरद कपूर को इंडस्ट्री में करीब 30 साल हो चुके हैं। साल 2022 में उनकी फिल्म 'नो मीन्स नो' रिलीज हुई थी। हमने उनसे जानना चाहा कि उनके जीवन और करियर में मुश्किल दौर कब से शुरू हुआ। इस पर वे कहते हैं, 'दरअसल, मैं निजी जिंदगी में थोड़ा डिस्टर्ब था, इसलिए काम करने का मन नहीं करता था। उसी वजह से थोड़ा हिल गया था, लेकिन अब भगवान ने सब ठीक कर दिया है। मुझे अहसास हुआ कि काम ही सबकुछ है। ऐसा नहीं था कि मैं डिप्रेशन में था, लेकिन कई बार जिंदगी में एक ऐसा फेज आता है, जब कुछ करने का मन नहीं करता। मैं 30 साल से लगातार काम करता आया हूं। ऐसा भी नहीं था कि मुझे काम मिलना बंद हो गया था। इंडस्ट्री के लोगों ने हमेशा मुझे सपोर्ट किया है।'


### आर्यन से मिलने वाला हूं, शाहरुख ने भी बढ़ाया मदद का हाथ

सोनू सूद और सलमान खान के अलावा अब इंडस्ट्री के दूसरे लोग भी शरद की मदद के लिए आगे आ रहे हैं। वहीं, बेजुबान ट्रस्ट की अध्यक्ष हेमा चौधरी, जिनकी पहल से शरद का मामला चर्चा में आया, लगातार उनकी लीगल गार्जियन बनी हुई हैं। हमने जब शरद से पूछा कि क्या उनकी फिल्म 'जोश' के को-स्टार शाहरुख खान की तरफ से भी मदद की पेशकश हुई है, तो वे बोले, 'जी बिल्कुल! मैं जल्द ही आर्यन से मिलने वाला हूं। शाहरुख ने भी फोन करके कहा कि जो अच्छा लगे, करो। मैं आपकी मदद के लिए तैयार हूं। शाहरुख के साथ 'जोश' की कई प्यारी यादें हैं। वे बेहद कॉन्फिडेंट ऐक्टर हैं। हम अपने सीन्स मिलकर डिस्कस किया करते थे। ऐश्वर्या भी बहुत स्वीट हैं। उनके साथ काम करके भी बहुत मजा आया था।'



# पिता शाहरुख खान से तुलना होना मेरे लिए तारीफ की बात है

फिल्ममेकर आर्यन खान को 'टाइम 100 नेक्ट इंडिया' के कवर पेज पर जगह मिली है। हाल ही में हुए एक इंटरव्यू के दौरान आर्यन से पिता शाहरुख खान के बारे में सवाल किये गए। उनसे पूछा गया कि पिता सुपरस्टार शाहरुख खान से तुलना पर वह क्या राय रखते हैं? आर्यन खान ने पिता से उनकी तुलना होने पर अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा, 'हर किसी की उनसे तुलना की गई है। अगर मैं भी उन लोगों में से एक हूं, तो इसमें कोई परेशानी नहीं है। नंबर-1 इंसान से तुलना होना मेरे लिए तारीफ की बात है। वह एक अलग ही शख्सियत हैं।' अपनी बातचीत में आगे आर्यन खान ने सलमान खान से जुड़ा एक खास किस्सा सुनाया। सलमान खान ने आर्यन की सीरीज 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में कैमियो किया था। इस पर आर्यन ने बताया कि सीरीज की शूटिंग के दौरान उन्हें पता चला कि सलमान भी उसी लोकेशन पर मौजूद हैं। उन्होंने सलमान की टीम को मैसेज भेजकर पूछा कि क्या आर्यन उनसे मिलने आ सकते हैं, लेकिन सलमान ने खुद आर्यन के सेट पर आने की बात कह दी। इसके बाद उन्होंने अपने सिनेमैटोग्राफर को तैयार रहने कह दिया। जब सलमान आए तब उन्हें वहीं डायलॉग देकर उनका कैमियो शूट कर लिया गया। आर्यन खान के अलावा एक्ट्रेस आलिया भट्ट, पायल कपाड़िया और थेजा रियो इस मैग्जीन के कवर का हिस्सा हैं। वहीं दिलजीत दोसांझ, अनिरुद्ध रविचंदर, सामंथा रुथ प्रभु, साई पल्लवी, विक्की कौशल और वैभव सूर्यवंशी जैसे नाम भी शामिल हैं।



# शादी और तलाक पर बोलीं डांसिंग क्वीन सपना चौधरी

डांसर सपना चौधरी अपनी निजी जिंदगी को लेकर मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अपनी शादी के छह वर्षों के बाद तलाक की अर्जी दाखिल की है। उनका केस अभी चल रहा है। सपना ने हाल ही में अपने और अपने पति के रिश्ते को लेकर बात की है।

## प्यार पर क्या बोलीं सपना

एनएमएफ न्यूज से बातचीत में सपना चौधरी ने बताया, 'जब सब अच्छा था, तब साथ थे, अब अच्छा नहीं है तो साथ भी नहीं हैं।' सपना ने इशारों में यह बताने की कोशिश की कि उनके पति ने उन्हें चीट किया। उन्होंने कहा, 'ऐसे लोगों को मैं यही कहूंगी कि जिसका एक जगह से पेट नहीं भरता, उसका जगह-जगह जाकर भी पेट नहीं भरता है।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि प्यार सिर्फ फिजिकली नहीं होता, प्यार रुह से होता है। प्यार में इमोशंस होते हैं। मगर मुझे लगता है कि लड़के ज्यादा प्रैक्टिकल होते हैं। लड़कियां इमोशन्स में बह जाती हैं।'

## किस चीज से भटक गईं सपना

सपना ने अपनी शादी के बारे में कहा 'मैं जब बिग बॉस से बाहर आई, तो मेरी शादी हो गई। उस वक्त मैं बहुत ज्यादा मशहूर थी। मैं बहुत अच्छी बहू रही हूं। पत्नी और मां भी मैं बहुत अच्छी रही हूं। मगर उस वक्त मुझे लगा कि मैं बस किसी की पत्नी, किसी की मां, किसी की भाभी बनकर ही रह गई। उस टाइम मुझे खुद में जो ग्रूमिंग करनी चाहिए थी। मैं उससे भटक गई थी।'

## क्या दूसरी शादी करेंगी सपना

तलाक होने के बाद दूसरी शादी के सवाल पर सपना चौधरी ने कहा, 'मुझे लगता है कि मेरे जैसी लड़की को चलते-फिरते प्यार नहीं होता। मैं बहुत इमोशनल हूं। मैं बहुत गहराई से प्यार करती हूं। आगे चलकर अगर कोई उस लायक हुआ तो देखेंगे। अभी तो नहीं कर रही। मुझे नहीं लगता कि मैं दूसरी शादी कर पाऊंगी।'



# नेटफ्लिक्स सीरीज 'टनल मेन' में लीड रोल में नजर आएंगी तब्बू

उत्तराखंड के सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन की कहानी अब वेब सीरीज के जरिए दर्शकों तक पहुंचेगी। YRF (यश चोपड़ा) एंटरटेनमेंट की नेटफ्लिक्स सीरीज 'टनल मेन' में बॉलीवुड एक्ट्रेस तब्बू लीड रोल में नजर आएंगी। यह पहली बार होगा, जब तब्बू किसी हिंदी ओरिजिनल स्ट्रीमिंग सीरीज में काम करेंगी। टनल मेन को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। सीरीज 2023 में उत्तरकाशी की सिलक्यारा-बड़कोट सुरंग में हुए रेस्क्यू ऑपरेशन की घटनाओं और उससे जुड़े मानवीय जज्बे से प्रेरित एक काल्पनिक ड्रामा होगी। नवंबर 2023 में सिलक्यारा सुरंग का एक हिस्सा ढहने से 41 मजदूर अंदर फंस गए थे। उन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए 17 दिन तक चुनौतीपूर्ण रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया था। देश-दुनिया की एजेंसियों और विशेषज्ञों की मदद से सभी मजदूरों को बाहर निकाला गया था। 'टनल मेन' में इसी अभियान के दौरान दिखे धैर्य, टीमवर्क, साहस और उम्मीद की कहानी को पर्दे पर पेश किया जाएगा। तब्बू ने तीन दशक से ज्यादा लंबे करियर में हिंदी के साथ क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्मों में भी काम किया है। 'माचिस' और 'चांदनी बार' में अभिनय के लिए उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिले। वहीं 'मकबूल', 'हैदर' और 'अंधाधुन' जैसी फिल्मों में उनके अभिनय को सराहा गया। वह मीरा नायर की फिल्म 'द नेमसेक', आंग ली की 'लाइफ ऑफ पाई' और सीरीज 'ड्यून: प्रोफेसी' में भी नजर आ चुकी हैं। 'द रेलवे मेन' का निर्देशन कर चुके शिव रवैल 'टनल मेन' के शोरनर के रूप में वापसी कर रहे हैं। यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के सीईओ अक्षय विधानी के नेतृत्व में हेड ऑफ कंटेंट बने सौगता मुखर्जी का यह पहला प्रोजेक्ट है।



# मां बनने के बाद से इमोशनल हुईं नेहा धूपिया

अभिनेत्री नेहा धूपिया इन दिनों 'रोडीज रीबर्थ' में जज के तौर पर नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने बताया कि मां बनने के बाद वह सख्त होने के साथ-साथ इमोशनल भी हो गई हैं। दरअसल, आईएएनएस ने अभिनेत्री से सवाल पूछा, 'क्या मदरहुड ने यंग कंटेस्टेंट्स को देखने का आपका नजरिया बदल दिया है या गैंग लीडर नेहा अभी भी फैसले लेने में हावी रहती हैं?' अभिनेत्री ने कहा, 'मैं अभी भी हावी रहती हूं और मेरे साथ यही रहता है। कई बार मुझे लोगों के लिए दुख भी होता और यह जरूरी नहीं कि किसी इमोशनल जुड़ाव की वजह से ऐसा हो। कुछ कंटेस्टेंट्स का बचपन दूसरों से कहीं ज्यादा मुश्किल भरा रहा है और उनके लिए मेरे मन में एक सॉफ्ट कॉर्नर है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि कोई भी आकर अपनी कहानी सुना दे और मैं उसकी बातों में आ जाऊं। मां बनने के बाद से मैं और भी सख्त होने के साथ-साथ ज्यादा इमोशनल भी हो गई हूं। मुझे पता है कि ये दोनों बातें बिल्कुल अलग-अलग लगती हैं लेकिन यही सच है।' अभिनेत्री ने आगे यह भी बताया कि रोडीज जैसे शो में गैंग लीडर के तौर पर काम करना अकेले लड़ने जैसा है। उन्होंने कहा, 'ऐसा कभी नहीं होता है कि आप हर फैसले पूरी तरह अकेले ले रहे हैं लेकिन आपको अपने फैसलों पर अडिग रहना होता है। आप अपने दोस्तों से बात कर सकते हैं लेकिन ये जरूरी नहीं कि वो आपकी बात सुनें। कभी-कभी ऐसा लगता है कि या तो आप अपने फैसले खुद लें या बस हार मान लें। जाहिर है कि मैं अपने फैसले खुद लेना चुनती हूं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि लोगों की मेरे बारे में एक खास धारणा है। वो मानते हैं कि मैं बहुत सख्त हूं और मेरी पर्सनालिटी बहुत मजबूत है लेकिन मेरा एक और पहलू है, जो उन्होंने सच में नहीं देखा है। वो यह है कि भले ही मैं ऐसा दिखाती हूं कि मेरे सारे फैसले दिमाग से होते हैं लेकिन असल में वो हमेशा दिल से लिए जाते हैं। मैं दिल से बहुत नरम हूं। मेरा एक इमोशनल पहलू भी है और यही सच है।'

# प्रोड्यूसर के तौर पर नई शुरुआत करेंगे राज कुंद्रा

बिजनेसमैन और अभिनेता राज कुंद्रा ने आगामी फिल्म 'निहंग' से प्रोड्यूसर के तौर पर डेब्यू करने का ऐलान किया है। राज कुंद्रा ने अपने इस सफर में साथ देने के लिए पत्नी शिल्पा शेट्टी का शुक्रिया अदा किया। राज कुंद्रा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म के लॉन्च इवेंट की तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें उन्होंने वहां आए जत्थेदारों, संतों, मेहमानों, शुभचिंतकों और मीडिया वालों को भी शुक्रिया कहा। राज कुंद्रा लिखते हैं, 'गुरुवार रात ऐतिहासिक फतेह बुर्ज में जो हुआ, उसके बाद भी मैं शुक्रगुजार हूं। जो एक सपना था, वो अब एक खूबसूरत सफर की शुरुआत बन गया है।'
उन्होंने निर्देशक और निर्माता अमरप्रीत छाबड़ा और पत्नी शिल्पा शेट्टी का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने लिखा, 'अमरप्रीत छाबड़ा पाजी को खास धन्यवाद, मेरी पत्नी शिल्पा शेट्टी जो हमेशा मेरे साथ खड़ी रहती हैं, अकाल फिल्म्स की पूरी टीम और पर्दे के पीछे मेहनत कर रहे सभी लोगों का शुक्रिया, जो इस सपने को सच करने में लगे हुए हैं।'



स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.-UPHIN/2023/86483, मो0.945688 4327, E-mail-officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।